दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 226
कोटद्वार मंगलवार
20 दिसम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## टिहरी और उत्तरकाशी में देर रात भूकंप से डोली धरती

### रिक्टर पैमाने पर 3.1 मापी गई तीव्रता

**उत्तरकाशी** । उत्तराखंड में उत्तरकाशी और टिहरी बर्डर एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार रिक्टर पैमाने पर इस भूकंप की तीव्रता 3.1 मापी गई है। दस दिन पहले भी उत्तराखंड में धरती डोली थी। टिहरी जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने बताया कि भूकंप से जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

इससे पहले उत्तराखंड में 12 दिसंबर को भूकंप आया था। तब भी उत्तरकाशी में धरती डोली थी। भूकंप के झटके दून समेत पूरे राज्य में महसूस किए गए थे। वाडिया इंस्टीट्यूट अफ हिमालयन जियोलजी के




वरिष्ठ भूकंप वैज्ञानिक डा. अजय पल के मुताबिक जिस तरह यूरेशियन प्लेट की तरफ इंडियन प्लेट हर साल चार से पांच सेंटीमीटर आगे खिसक रही है उससे लगातार भूगर्भीय हलचल जारी है।

ऐसे में नेपाल, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर जैसे हिमालयी इलाकों में भूकंप आते रहेंगे। भूगर्भीय हलचल से उससे बड़े पैमाने पर ऊर्जा पैदा हो रही है। इससे बिहार से लेकर हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा तक लगातार भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं। रिक्टर स्केल पर कम तीव्रता वाले भूकंप इस बात का संकेत नहीं है कि भविष्य में बड़े भूकंप नहीं आएंगे। जो सेंट्रल सिस्मिक गैप बिहार से हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा तक है, इस इलाके में बड़े भूकंप की आशंका बरकरार है।

## उत्तराखण्ड में अब मशीनों से नहीं होगा खनन, हाई कोर्ट ने लगाई रोक

**नैनीताल :** उत्तराखण्ड में अब मशीनों से खनन नहीं किया जा सकेगा। नैनीताल हाईकोर्ट ने मशीनों से खनन पर रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई 12 जनवरी 2023 को होगी। उत्तराखंड हाई कोर्ट ने प्रदेश में मशीनों के द्वारा खनन किए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले को सुनने के बाद मुख्य न्यायधीश विपिन सांघी व न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की खण्डपीठ ने मिशनों से खनन पर रोक लगाते हुए सचिव खनन से पूछा है कि वन निगम की वेबसाइट पर प्रति कुंतल रॉयल्टी 31 रूपया और प्राइवेट खनन वालों की वेबसाइट पर 12 रुपया



प्रति कुंतल रॉयल्टी कैसे है 12 जनवरी तक शपथपत्र के माध्यम से कोर्ट को बताएं। मामले की अगली सुनवाई 12 जनवरी की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार हल्द्वानी के हल्दूचौड़ निवासी गगन परासर व अन्य ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि प्रदेश में मशीनों से खनन की अनुमति नहीं है। उसके बाद भी प्रदेश में भारी मशीनों के साथ खनन किया जा रहा है। खनन नियमावली में मैन्यूली खनन की अनुमति है। इस पर रोक लगाई जाए। जनहित याचिका में यह भी कहा गया है कि सरकारी व प्राइवेट खनन की रॉयल्टी दरों में भी भिन्नता है। वन निगम की वेबसाइट पर 31 रुपया प्रति कुंतल और प्राइवेट में 12 रुपया प्रति कुंतल रॉयल्टी निर्धारित है। जिसकी वजह से प्राइवेट खनन कारोबारी कम टैक्स दे रहे है सरकारी ज्यादा। जिससे सरकार को घाटा हो रहा है क्योंकि लोग प्राइवेट खनन कारोबारियों से माल खरीद रहे है। सरकारी व प्राइवेट में एक समान रॉयल्टी दरें निर्धारित हो। (एजेंसी)

## इंग्लैंड में कानूनी लड़ाई हारा नीरव मोदी 28 दिनों में लाया जा सकता है भारत

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** भारतीय बैंको के हजारों करोड़ रुपए लेकर इंग्लैंड फरार होने वाले नीरव मोदी को अगले 28 दिन के भीतर वापस भारत लाया जा सकता है। नीरव मोदी, इंग्लैंड में अपनी कानूनी लड़ाई हार चुका है। नीरव मोदी के बचने का कोई रास्ता शेष नहीं रह गया है। यदि कोई और राहत नहीं मिलती है तो नीरव मोदी को अगले 28 दिन के अंदर भारत लाया जाएगा। सोमवार को सरकार की ओर से यह बात राज्यसभा में कही गई।

फरवरी 2017 में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नीरव मोदी की जांच शुरू की थी। सीबीआई ने यह जांच पंजाब नेशनल बैंक की शिकायत पर शुरू की, जिसने आरोप लगाया कि नीरव मोदी और उसके सहयोगियों ने षडयंत्र कर विदेशी आपूर्तिकर्ताओं के लिए फर्जी भुगतान पत्र बनवाये, और 270 करोड़ रूपए की धोखाधड़ी की। पंजाब नेशनल बैंक के नुकसान की संभावित राशि 11 हजार करोड़ रुपए तक हो सकती है। पंजाब नेशनल बैंक के आग्रह पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी धोखाधड़ी के इस मामले में नजर रख रहा है।

## पश्चिम विहार में रैडिसन ब्लू के पास संदिग्ध वस्तु से फैली दहशत

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस को सोमवार सुबह पश्चिम विहार के फाइव स्टार होटल रैडिसन ब्लू के पास बम होने के बारे में एक पीसीआर कल मिली। पुलिस की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई।पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, मौके से एक डिजिटल लक बरामद किया गया है। उन्होंने कहा, हमने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। हम यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि वास्तव में यह क्या है। कल के बाद दहशत पैदा हो गई, क्योंकि बहुत सारे स्कूली छात्र अपने स्कूलों तक पहुंचने के लिए इस रास्ते का इस्तेमाल करते हैं।

## संसद में विदेश मंत्री जयशंकर का राहुल गांधी को जवाब

नई दिल्ली ,(एजेंसी)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन सीमा पर भारतीय सैनिकों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आज कहा कि देश की सीमाओं की चौकसी में लगे जवानों की आलोचना गलत है और किसी को भी जवानों के बारे में गलत टिप्पणी नहीं करनी चाहिए।

ड जयशंकर ने लोकसभा में श्समुद्री जलदस्युता रोधी विधेयक 2019 पर चर्चा का जवाब देते हुए सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी के चीन का मुद्दा उठाने पर गांधी का नाम लिएबिना कहा हमें किसी भी हालात में अपने जवानों की आलोचना नहीं करनी चाहिए। श्पिटाई शब्द का इस्तेमाल ठीक नहीं है। हमारे जवानों का सम्मान होना चाहिए और उनके लिए पिटाई जैसे अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा हमारे जवान 14 हजार फुट से ज्यादा की ऊंचाई पर देश की सुरक्षा के लिए तैनात हैं। जवानों के बारे में गलत शब्दों का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। सैनिकों को अपमानित नहीं किया जाना चाहिए। हमारे जवानों के लिए श्पिटाई शब्द का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। अगर चीन के प्रति हमारा रुख उदासीन था तो सेना को सीमा पर किसने भेजा। अधीर रंजन संसद में भड़क गए।

## अटल निर्मल नगर पुरस्कार की धनराशि होगी 2 करोड़ : सीएम

### ◆पीएमएवाई शहरी के लाभार्थियों मिलेगी 5-5 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि◆9 नगर निकायों अटल निर्मल पुरस्कार व 5 निकायों को स्वच्छता गौरव सम्मान ◆यात्रा काल के दौरान पर्यावरण मित्रों को भोजन एवं गरम वर्दी के लिए मिलेगा अतिरिक्त मानदेय

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में बेहतर प्रदर्शन करने वाले निर्मल नगरों को अटल निर्मल नगर पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश के 9 निकायों को अटल निर्मल पुरस्कार एवं राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत 5 निकायों को स्वच्छ गौरव सम्मान प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान दून कैंट स्वच्छता चौपाल का लोगों लांच भी किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर चार घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि अटल निर्मल नगर पुरस्कार की धनराशि 1 करोड़ रूपये से बढ़ाकर 2 करोड़ रूपये की जायेगी, कैंट बोर्ड को भी इसमें सम्मिलित करने के लिए जो प्राविधान होंगे, उसके अनुसार किया जायेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थियों को भी आवास बन जाने के बाद सामान के लिए 5-5 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। केदारनाथ, बद्रीनाथ एवं गंगोत्री में यात्राकाल के दौरान कार्य करने वाले पर्यावरण मित्रों को भोजन एवं गरम वर्दी के लिए अतिरिक्त मानदेय दिया जायेगा। केन्द्रीयत सेवा के कर्मचारियों के पेंशन देयकों के भुगतान हेतु राज्य वित्त आयोग से 1 प्रतिशत की धनराशि उपलब्ध कराई जायेगी। मुख्यमंत्री ने अटल निर्मल नगर पुरस्कार के लिए चयनित नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत के प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में बेहतर प्रदर्शन कर इन निकायों ने राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान पाकर हमारे प्रदेश का नाम रोशन किया है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर वर्ष 2022-23 के लिए 9 निकायों का चयन होना उत्तराखंड के लिए गौरव की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निकाय प्रदेश के दर्पण हैं। हम अपने निकायों में कैसे और बेहतर कार्य कर सकते हैं, इस दिशा में निरन्तर प्रयासों की जरूरत है। 2025 तक उत्तराखण्ड को अग्रणी राज्य बनाने में निकायों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उत्तराखण्ड का समग्र विकास सभी प्रदेशवासियों की सामूहिक जिम्मेदारी है, इसमें सबको अपना योगदान देना है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजान दास, मेयर देहरादून सुनिल उनियाल गामा, मेयर ऋषिकेश श्रीमती अनिता ममगाईं, मेयर हरिद्वार श्रीमती अनिता शर्मा, मेयर रूड़की गौरव गोयल, अपर मुख्य सचिव आनन्द वर्द्धन, सचिव शहरी विकास श्रदिपेन्द्र चौधरी, निदेशक शहरी विकास नवनीत पाण्डे, नगर आयुक्त मनुज गोयल एवं विभिन्न निकायों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।




### इन्हें मिला स्वच्छता गौरव सम्मान

मुख्यमंत्री ने पुष्कर सिंह धामी ने स्वच्छ सर्वेक्षण- 2022 में राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत 05 निकायों को स्वच्छता गौरव सम्मान प्रदान किया। जिसमें नगर निगम हरिद्वार को राष्ट्रीय स्तर पर एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले गंगा शहरों में प्रथम स्थान, छावनी परिषद लण्ढोर को छावनी परिषद श्रेणी में अधिकतम सिटीजन फीडबैक हेतु प्रथम स्थान, नगर पालिका परिषद रामनगर को नॉर्थ जोन के 50 हजार से 1 लाख जनसंख्या वाले शहरों में फास्टेस्ट मूवर सिटी पुरस्कार, नगर पालिका परिषद डोईवाला को नॉर्थ जोन के 15 हजार से कम जनसंख्या वाले शहरों में फास्टेस्ट मूवर सिटी पुरस्कार एवं नगर पालिका परिषद नरेन्द्र नगर को नॉर्थ जोन के 15 हजार से कम जनसंख्या वाले शहरों में बेस्ट सस्टेनेबल सिटी पुरस्कार प्रदान किया गया।

### देहरादून, मुनिकीरेती एवं नन्दप्रयाग को मिला प्रथम पुरस्कार

अटल निर्मल नगर पुरस्कार 2022-23 हेतु निकायों का श्रेणीवार चयन स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में किए गये प्रदर्शन के आधार पर किया गया। जिसमें नगर निगम देहरादून को प्रथम, नगर निगम रूड़की को द्वितीय एवं नगर निगम ऋषिकेश को तृतीय पुरस्कार मिला। इन नगर निगमों को क्रमशः 20 लाख, 15 लाख एवं 10 लाख रूपये की धनराशि प्रदान की गई। नगर पालिकाओं में नगर पालिका मुनिकीरेती को प्रथम, नगर पालिका नरेन्द्रनगर को द्वितीय एवं डोईवाला को तृतीय पुरस्कार मिला। इन नगर पालिकाओं को क्रमशः 15 लाख, 10 लाख एवं 8 लाख रुपये की धनराशि प्रदान की गई। नगर पंचायतों में नगर पंचायत नन्दप्रयाग को प्रथम, नगर पंचायत सुल्तानपुर को द्वितीय एवं नगर पंचायत गूलरभोज को तृतीय पुरस्कार मिला। इन नगर पंचायतों को क्रमशः 10 लाख, 7 लाख एवं 5 लाख रुपये की धनराशि प्रदान की गई।


## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया मजदूर, मौत

**काशीपुर :** कब्रिस्तान के निर्माणाधीन गेट पर काम कर रहे मजदूर की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं, एएसपी ने मौका मुआयना कर घटना की जानकारी ली। यूपी के भगतपुर, जिला मुरादाबाद निवासी नन्हें (50) पुत्र स्व. मल्लन सरवरखेड़ा में किराए के मकान पर रहकर मजदूरी करता था। सोमवार को वह गंगे बाबा रोड स्थित कब्रिस्तान के बन रहे गेट पर मजदूरी करने गया था। काम करते हुए उसका पैर फिसल गया और वह हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे एएसपी अभय सिंह ने घटना की जानकारी ली। साथ ही अधीनस्थों को लापरवाही करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये। इसके बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है मृतक की पत्नी की करीब पांच साल पहले और पिता की भी मौत हो चुकी है। मृतक के दो बेटे और एक बेटी हैं। जो अपने नानी-नाना के साथ बिहार में रहते हैं। फिलहाल मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई है। एएसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि सूचना पर मौका मुआयना किया गया है। लापरवाही के लिये जो भी जिम्मेदार होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। (एजेंसी)

## चीनी उत्पादों के आयात को कम करने की कवायद शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन से तैयार माल के आयात को कम करने की सरकारी कवायद शुरू हो गई है। उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक इसके तहत आगामी बजट में चीन से आने वाले कई तैयार माल के आयात शुल्क में बढ़ोतरी की जा सकती है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) पिछले एक साल से चीन से आने वाले लेदर उत्पाद, जूता-चप्पल, कपड़े, श्रृंगार के सामान, प्लास्टिक के छोटे-छोटे आइटम जैसी कई वस्तुओं के आयात पर नजर रख रहा है और इनकी गुणवत्ता से लेकर आयात की बिलिंग तक की सख्त जांच की जा रही है।

सीबीआईसी के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस साल अप्रैल से चीन से आने वाली तमाम वस्तुओं पर सख्त नजर रखी जा रही है। अप्रैल से लेकर अब तक चीन से आने वाली वस्तुओं की कई खेप को गुणवत्ता व अन्य मामले में बुक किया गया है और आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि चीन से होने वाले



कुल आयात में 85 फीसद हिस्सेदारी कच्चे माल की होती है। सिर्फ 15 फीसद ही तैयार माल का आयात होता है। निर्यात होने वाली वस्तुओं को तैयार करने के लिए कच्चे माल की जरूरत होती है और विकल्प के तैयार होने तक यह आयात जारी रह सकता है। चालू वित्त वर्ष 2022-23 के लिए इस साल एक फरवरी को पेश बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने छाता, इलेक्ट्रनिक्स खिलौने के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कलपुर्जों के साथ आपरेशन में इस्तेमाल होने वाले विभिन्न उपकरणों, सोलर से जुड़े कई आइटम के आयात शुल्क में बढ़ोतरी की घोषणा की थी। छाता पर आयात शुल्क को 10 से 20 फीसद किया गया ताकि चीन से इसके आयात को कम किया जा सके और घरेलू छाता निर्माता को प्रोत्साहित किया जा सके।

## नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहा हूं,गहलोत के मंत्री एक दिन पैदल चलें: राहुल

**अलवर,एजेंसी** । राजस्थान में अलवर के मालाखेड़ा में सोमवार को राहुल गांधी ने सभा में कहा, मुझे बीजेपी वाले बुरे नहीं लगते। मैं रास्ते में जाता हूं तो इशारा करके पूछते हैं कि क्या कर रहे हो? मैं उन्हें जवाब देना चाहता हूं कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहा हूं। आइए आप भी बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलिए। महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, सरदार पटेल और अंबेडकर सबने नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोली थी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सभा में एलान किया, हम एक कैटेगरी बना रहे हैं। इस कैटेगरी के लोगों को एक हजार 50 रुपये का घरेलू रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपये में देंगे। सिलेंडर अप्रैल से राज्य में मिलेगा। राहुल ने कहा, गरीबों के लिए सबसे बेहतर स्कीम राजस्थान में है। राजस्थान से पहले के राज्य में लोग कहते थे कि हमें किडनी ट्रांसप्लांट करवाना है, पैसा नहीं है। राजस्थान में ऐसा नहीं होता। कल दो लोग मिले। उनसे मैंने उनके इलाज के बारे में पूछा तो



उन्होंने बताया कि मुफ्त में हुआ। चिरंजीवी योजना ने लाखों लोगों का दर्द मिटाया है, इसे पूरे देश में लागू करना चाहिए।

राहुल ने कहा, अमित शाह से लेकर सारे बीजेपी नेताओं के बच्चे अंग्रेजी मीडियम स्कूल में जाते हैं और भाषण देते हैं कि अंग्रेजी मत सीखो। वे नहीं चाहते कि गरीब अंग्रेजी सीखे। वे नहीं चाहते कि आप बड़े सपने देखो। मजदूरी से बाहर निकलो। मैं यह नहीं कर रहा हूं कि हिंदी नहीं पढ़नी चाहिए। हिंदुस्तान की सब भाषाएं पढ़नी चाहिए, लेकिन अमेरिका, इंग्लैंड, जापान सहित बाकी दुनिया से बात करने के लिए हिंदी काम नहीं आएगी, अंग्रेजी ही काम आएगी। इसीलिए राजस्थान में 1700 अंग्रेजी मीडियम स्कूल शुरू किए गए हैं, लेकिन यह कम है। राजस्थान के हर बच्चे को अंग्रेजी पढ़ने का अवसर मिलना चाहिए।

राहुल गांधी ने कहा कि यात्रा में एक रस्सी है, जिसके अंदर सारे सीनियर नेता रहते हैं। रस्सी के बाहर लोकल नेता रहते हैं। इस रस्सी को तोड़ना पड़ेगा। इसका मतलब है कि हमारे कार्यकर्ता, हमारे लोकल नेताओं की आवाज सरकार और उसके अफिस में सुनाई देनी चाहिए और उससे भी जरूरी है कि राजस्थान के आम आदमी की आवाज हर सरकारी अफिस में सुनी जानी चाहिए।

हम साढ़े तीन हजार किमी चल रहे हैं। चलने से शरीर की कई बीमारियों का इलाज हो जाता है। राजस्थान की पूरी कैबिनेट राजस्थान की सड़कों पर हर महीने में एक बार 15 किमी चले। लोग मिलेंगे तो इससे उनकी समस्या खत्म हो जाएगी।

## दिल्ली एनसीआर में निर्माण कार्य-खनन पर लगी रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में सर्दी बढ़ते ही वायु प्रदूषण फिर से बढ़ गया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने प्रदूषण को कम करने के लिए एक बार फिर से दिल्ली एनसीआर में ग्रेप (ग्रेडेड रिस्पस एक्शन प्लान) का तीसरा चरण लागू कर कर दिया है। यानी कि अब खनन, निर्माण कार्य पर रोक के साथ और भी पाबंदियां लागू हो गई हैं। सीएक्यूएम की हुई बैठक में बताया गया कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, सोमवार शाम 4 बजे दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 410 दर्ज किया गया। जो गंभीर श्रेणी को दर्शाता है। नोएडा में एक्यूआई 399 जबकि गुरुग्राम में एक्यूआई 302 दर्ज किया गया। दिल्ली में प्रदूषण तापमान में गिरावट, शांत हवाओं, खराब मिश्रण के कारण हो रहा है। सीएक्यूएम द्वारा लगाए गए ग्रैप 3 के प्रतिबंधों के अंतर्गत अब दिल्ली के सभी निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके अलावा किसी भी तरह के तोड़-फोड़ पर भी रोक लग गई है। साथ ही खनन पर भी बैन लगाया गया है। साथ ही बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल वाहनों पर भी



बैन लगा दिया गया है।

बता दें कि सुबह के समय पूरे दिल्ली-एनसीआर में कोहरे और धुंध की चादर छाई रहती है। इस कारण लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को गले में खराश से लेकर आखों में जलन जैसी परेशानिया झेलनी पड़ रही है। वायु गुणवत्ता सूचकांक एक नंबर होता है जिसके जरिए हवा की गुणवत्ता को आंका जाता है। इससे वायु में मौजूद प्रदूषण के स्तर का भी पता लगाया जाता है। एक्यूआई की रीडिंग के आधार पर हवा की गुणवत्ता को छह कैटेगरी में बांटा गया है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 और 100 संतोषजनक, 101 और 200 मध्यम, 201 और 300 खराब, 301 और 400 बहुत खराब, और 401 और 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर माना जाता है।

# स्थानीय फ्लाइटों में उत्तराखंड के व्यंजन परोसे जाने पर केन्द्रीय मंत्री ने जताई सहमति

### अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को लेकर महाराज ने की केंद्रीय मंत्री सिंधिया से भेंट



देहरादून/नई दिल्ली। उत्तराखण्ड के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने केन्द्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से शिष्टाचार भेंट करने के साथ-साथ उन्हें उत्तराखण्ड में अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के आवश्यकता के विषय में अवगत कराया। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के फ्लाइटों में यात्रियों को स्थानीय व्यंजन परोसे जाने के प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए कहा कि वह उत्तराखंड के स्थानीय व्यंजनों की एक सूची उन्हें उपलब्ध करवाएं, ताकि इस पर आगे कार्यवाही की जा सके। प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने सोमवार को राजीव गांधी भवन, नई दिल्ली स्थित केन्द्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से उनके कार्यालय में पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने उत्तर-खण्ड में अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के आवश्यकता के विषय में केंद्रीय मंत्री से चर्चा करने के साथ-साथ फ्लाइटों में यात्रियों को स्थानीय व्यंजन परोसे जाने का भी अनुरोध किया। श्री महाराज ने बातचीत के दौरान केन्द्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री से कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड उत्तर भारत में पर्यटन, योग एवं आस्था का प्रमुख केन्द्र है। हिन्दुओं की आस्था के प्रतीक चारधाम बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री यहीं स्थित हैं। हरे भरे और घने जंगल इसे नेशनल पार्क और वाइल्डलाइफ अभ्यारणों के लिए आदर्श स्थान बनाते हैं। राज्य के आध्यात्मिक, ऐतिहासिक एवं सामरिक महत्व को ध्यान में रखते हुए उत्तराखण्ड में अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की नितान्त आवश्यकता है। पर्यटन मंत्री श्री महाराज ने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को बताया कि उत्तराखण्ड में अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट स्थापित किए जाने हेतु एक स्थान पर 1200 हेक्टेयर और दूसरे स्थान पर 1100 हेक्टेयर भूमि का चयन किया गया है। इस पर केंद्रीय मंत्री ने श्री महाराज को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट स्थापित करने के संबंध में पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि आप प्रक्रिया के अनुसार आवेदन करें। इस कार्य में उनका पूरा सहयोग प्रदेश को मिलेगा। इस मौके पर रीवा रियासत के महाराज पुष्पराज सिंह ने भी उनसे भेंट कर विभिन्न प्रदेशों जैसे उत्तराखंड और मध्य प्रदेश स्थित बिंद के स्थानीय व्यंजनों को स्थानीय फ्लाइटों में यात्रियों को परोसने जाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के साथ आईएचएम के प्रधानाचार्य जगदीप खन्ना भी मौजूद रहे।

## आज होगी नामांकन पत्रों की जांच

विकासनगर। श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय में छात्रसंघ के कुल छह पदों के लिए छह प्रत्याशियों ने ही नामांकन पत्र खरीदे। इससे यहां मतदान कराने की नौबत नहीं आएगी। सभी प्रत्याशियों के नामांकन पत्र सही पाए जाने पर उनके निर्विरोध नामांकन का रास्ता साफ हो गया है। दूसरी ओर, पंडित शिवराम राजकीय महाविद्यालय त्यूणी में कुल 18 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे। चकराता महाविद्यालय के मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. जितेंद्र दिवाकर ने बताया कि अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, महासचिव, सहसचिव और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद के लिए एक एक प्रत्याशी ने ही नामांकन पत्र खरीदे। नामांकन पत्र खरीदने के लिए सोमवार का दिन ही नियत था। मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी।

## आंगनबाड़ी केंद्रों के बकाया भवन किराए को लेकर तहसील घेरी

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा कार्यकर्ताओं ने आंगनबाड़ी केंद्रों के भवनों का बकाया किराया भुगतान की मांग को लेकर तहसील मुख्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

सोमवार को मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि बीते दो साल से आंगनबाड़ी केंद्रों को भवन किराया नहीं मिल रहा है। भवन स्वामी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर किराया भुगतान के लिए लगातार दबाव बना रहे हैं, जिससे कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मानसिक तनाव के दौर से गुजर रहे हैं। बाल विकास विभाग की ओर से कई बार आश्वासन दिए जाने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि बाल विकास मंत्री ने विधानसभा सत्र के दौरान कहा कि अप्रैल 2022 तक का भवन किराया दिया जा चुका है, जो सरासर गलत है। दो साल से किराया नहीं दिए जाने के कारण कई केंद्र बंद होने की कगार पर आ चुके हैं, जिससे नौनिहालों और गर्भवती महिलाओं को भी परेशानियों से जूझना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बाल विकास विभाग के अलावा अन्य कई कार्य करवाते हैं। पल्स पोलियो अभियान समेत स्वास्थ्य विभाग कई योजनाओं के संचालन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। बावजूद इसके प्रदेश सरकार उन्हें केंद्रों का किराया तक समय से मुहैया नहीं करा रही है।

## होमस्टे मालिकों को लाभांश वितरित करने पर की चर्चा

उत्तरकाशी : सिक्योर हिमालय परियोजना के अन्तर्गत गंगोत्री सिक्योर स्वायत सहकारिता भटवाड़ी की द्वितीय वार्षिक आम सभा हुई। जिसमें बोर्ड सदस्यों को गंगोत्री सिक्योर स्वायत सहकारिता की वार्षिक गतिविधियों की जानकारी दी। सिक्योर परियोजना के सहयोग से क्षेत्र के होमस्टे मालिकों को लाभांश वितरित करने पर भी चर्चा की गई। जिला सभागार में आयोजित बैठक में सेल्फ हेल्प संस्था के कोर्डिनेटर सत्या रावत ने बताया कि वर्तमान में लगभग 16 गांवों 184 सदस्य सहकारिता से जुड़े हैं। सहकारिता द्वारा विगत एक वर्ष में लगभग 8.55 लाख रुपये का लाभ हुआ, साथ ही सहकारिता द्वारा 194 लाभार्थियों को हेंडलूम हैंडीक्राफ्ट का प्रशिक्षण एवं 56 का रजिस्ट्रेशन किया गया है। रंगनाथ पाण्डेय, उप निदेशक गंगोत्री नेशनल पार्क ने सिक्योर हिमालय परियोजना के उदेश्यों के बारे में अवगत कराया। परियोजना का उद्देश्य उच्च श्रेणी के हिमालयी पारिस्थितिक तंत्र में उच्च हिमालयी जैव विविधता, लुप्त प्रजातियों को सुरक्षित रखना और अल्पाइन चरागाहों और जंगलों के स्थायी प्रबंधन को बढ़ावा देना तथा स्थानीय आजीविका और सामुदायिक सामाजिक आर्थिक लाभ सुनिश्चित करना है। यह परियोजना भारत के हिमालयी क्षेत्रों के चार राज्यों उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, लद्दाख, सिक्किम के उच्च हिमालयी श्रेणियों में क्रिय़ान्वित की जा रही है। विधायक सुरेश चौहान ने परियोजना गतिविधियों कि प्रशंसा करते हुए कहा कि सहकारिता में सहभागिता होना बहुत आवश्यक है। कार्यक्रम में सिक्योर हिमालय परियोजना द्वारा 5 सोलर हीटर, 5 वाटर प्यूरिफायर, 10 मैटरिस, 5 सेनेटरी आइटम, 20 होमस्टे मालिकों को वितरित किए गए। कार्यक्रम में एडीएम तीर्थपाल सिंह, उप निदेशक गंगोत्री नेशनल पार्क रंगनाथ पांडेय, माधवेंद्र रावत, उमेद सिंह धाकड़, डॉ. जया पटेल, मनीष रावत थे। (एजेंसी)

## आज निकलेगी जल कलश यात्रा

चमोली : चमोली जिले के पोखरी प्रखंड के आदर्श ग्राम कुमेड़ा में पांडव नृत्य की धूम मची है। ग्राम प्रधान चंद्रमोहन सिंह ने बताया कि 16 दिसम्बर से पांडव लीला का आयोजन चल रहा है। 20 दिसम्बर को जलकलश यात्रा तथा 21 दिसम्बर को समापन किया जाएगा।

गांव में पांडव लीला अनुष्ठान के साक्षी बनने के लिए वे लोग भी पहुंचे हैं जो विभिन्न शहरों में रह रहे हैं। पांडवो के पश्वा अवतरित होकर नृत्य कर श्रद्धालुओं को आशीष दे रहे हैं। इस अवसर पर पंडित श्रीनिवास खाली, मंदिर समिति के अध्यक्ष गुलाब सिंह कंडारी, महिला मंगल दल अध्यक्ष विनीता देवी, युवक मंगल दल अध्यक्ष सुमित कंडारी, ढोल वादक संतोष लाल, गिरीश लाल आदि उपस्थित रहे। (एजेंसी)

## विस भर्ती घोटाले में बीजेपी ने किया युवाओं के साथ कुठाराघात : आप



देहरादून। आम आदमी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित जोशी ने आज एक बयान जारी कर विधानसभा भर्ती घोटाले में बीजेपी पर उत्तराखंड के युवाओं के साथ कुठाराघात करने का आरोप लगाया ।

उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार द्वारा विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी के माध्यम से विधानसभा भर्ती घोटाले में नौकरी कर रहे लोगों पर तो गाज गिराई गई परंतु इस पूरे मामले में संलिप्त पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं वर्तमान में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल पर कोई कार्यवाही ना करके उत्तराखंड के युवाओं के साथ अन्याय किया है उन्होंने कहा कि यह कहां का इंसाफ है की एक और नौकरी पाने वाले को सजा मिले और गलत तरीके से नौकरी लगाने वाले का बचाव किया जाए । उन्होंने कहा कि 2001 से 2022 तक जितनी भी विधानसभा में नियम के विरुद्ध नियुक्तियां हुई हैं सबकी जांच होनी चाहिए क्योंकि जितने भी विधानसभा अध्यक्षों का कार्यकाल रहा है उसमें गड़बड़ियां सामने आई है उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्रवाई के नाम पर दिखावा करते हुए चिन्हित लोगों को ही टारगेट किया है । उन्होंने कहा कि युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी युवाओं के दुश्मन बने हुए हैं उनके इशारे पर ही रितु खंडूरी द्वारा यह सब स्वांग रचा गया किंतु अपने मंत्री नेताओं पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई उन्होंने कहा कि दूसरी ओर कांग्रेस की बात करें तो उसने भी इस मामले से पल्ला झाड़ने का ही काम किया है अपने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल पर कोई कार्यवाही नहीं की इसलिए यह कहना अनुचित नहीं होगा कि कांग्रेस–भाजपा ने मिलकर अपने परिवारवाद भाई भतीजावाद को आगे बढ़ाते हुए उत्तराखंड को लूटने का काम किया है।

## एक नजर

### एयरफोर्स में अफसर बने दून के सौरव नेगी

देहरादून। नकरौंदा निवासी सौरव नेगी भारतीय वायु सेना में अफसर बन गए हैं। वह शनिवार को एयरफोर्स एकेडमी हैदराबाद से पास आउट हुए। उनके पास आउट होने पर परिवार में जश्न का माहौल है। 23 वर्षीय सौरव ने मार्शल स्कूल से 12वीं पास करने के बाद डीएवी पीजी कॉलेज से बीएससी की पढ़ाई की। इसके बाद उनका एयरफोर्स में चयन हुआ। बीते जनवरी में एयरफोर्स एकेडमी में प्रशिक्षण के लिए गए और अब पास आउट हो गए हैं। सौरव बचपन से स्पोर्ट्स में रुचि रखते हैं और स्कूल में हेड ब्वॉय रहे हैं। सौरव जब 11वीं कक्षा में थे तब उनके पिता रघुवीर सिंह नेगी का निधन हो गया था। वह सरकारी नौकरी करते थे। इसके बाद मां मीना नेगी ने परिवार को संभाला। सौरव के बड़े भाई नवनीत नेगी दिल्ली में एक मीडिया हाउस में नौकरी करते हैं। वहीं बड़ी बहन विवाहित हैं। मेरठ में रहती हैं। सौरव परिवार में सबसे छोटे हैं। बकौल सौरव बचपन से सेना में जाना चाहते थे। चयन के लिए उन्हें मां और भाई ने खूब सपोर्ट दिया। सौरव सेना की लाजिस्टक ब्रांच में फ्लाइंग अफसर बने हैं। उन्हें पहली पोस्टिंग अंडमान निकोबार में मिली है।

### भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस की नीति से चल रही सरकारःरेखा आर्या

देहरादून। खाद्य मंत्री ने रेखा आर्या ने कहा कि सरकार राज्य में भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत काम कर रही है। खाद्य विभाग भी सभी कार्यों में लगातार पारदर्शिता लाई जा रही है।

राशन की दुकान और गोदामों के बीच सटीक नेटवर्क, बायोमीट्रिक व्यवस्था और सप्लाई चेन में जीपीएस का उपयोग का भ्रष्टाचार को शून्य किया जा सकता है। उत्तराखंड में संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कायर्कम (डब्लूएफपी)और खाद्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से संचालित कार्यक्रमों की सफलता पर आयोजित कार्यक्रम में खाद्य मंत्री ने कहा के प्रत्येक व्यक्ति को उसके हक का अनाज पहुंचाने सरकार का लक्ष्य है।

## जिला प्रशासन का मकसद क्रेता और विक्रेता को एक प्लेटफार्म पर लाना : सीडीओ

**जयन्त प्रतिनिधि।**



चमोली : किसानों के जैविक उत्पादों का विक्रय एवं आय में बृद्धि करने के लिए सोमवार को स्पोर्टस स्टैडियम गोपेश्वर में क्रेता-विक्रेता सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें जनपद के किसानों एवं बाहर से आए बायर्स के बीच उत्पादों के क्रय-विक्रय के लिए सीधा संवाद कराया गया। स्वच्छता एक्शन प्लान नमामि गंगे क्लीन अभियान के अन्तर्गत कृषि विभाग के तत्वाधान एवं सुविधा संस्था के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में जनपद के करीब 550 किसानों को जैविक उत्पादन के संबध में महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गई।

मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए किसानों को शुभकामनांए दी। उन्होंने कहा कि किसान समूहों ने अपने जैविक उत्पादों एवं जड़ी बूटी विक्रय न होने की समस्या रखी थी। किसानों की इस समस्या के निदान के लिए इस सम्मेलन में बाहर से क्रेता बुलाए गए है। जैविक उत्पादन करने वाले किसान समूहों एवं बायर्स के बीच सीधा संवाद कराया जा रहा है। ताकि किसान आसानी के साथ उचित दामों पर अपने उत्पादों का विक्रय कर सकें। इसके अतिरिक्त स्थानीय स्तर पर भी जैविक उत्पादों के विक्रय के लिए संडे मार्केट शुरू किए गए है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का मकसद क्रेता और विक्रेता दोनों को एक प्लेटफार्म पर लाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील एवं ब्लाक स्तर पर भी क्रेता-विक्रेता सम्मेलन आयोजित किए जाए। ताकि सभी किसानों को इसका लाभ मिल सके। मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम के दौरान किसान देवेन्द्र सिंह, विश्म्बर दत्त, रूद्र सिंह बुटोला, कुंवर सिंह, लीला राम, देवेन्द्र सिंह, लक्ष्मी देवी, गजेन्द्र सिंह, रामेश्वरी हटवाल, महेशकुमार को जैविक खेती में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया। साथ ही जनजाती बाहुल्य ग्रामों के चार स्वयं सहायता समूह जय नृसिंग देवता ग्राम लाता, श्री सरस्वती महिला समूह माणा, जय मां नन्दा जैविक समूह परसारी तथा सेवा उर्वशी समूह मेरग को टीएसपी के अन्तर्गत केवीके चमोली के माध्यम से पॉवर टिलर का वितरण भी किया। इस दौरान उन्होंने कृषक समूहों के लिए लगाई गई जैविक प्रदर्शनी का निरीक्षण भी किया। मुख्य कृषि अधिकारी वीपी मौर्या ने बताया कि स्वच्छता एक्शन प्लान नमामि गंगे के अन्तर्गत चमोली जिले में नदी किनारे बसे गांवों की 5 हजार हैक्टियर भूमि पर 9427 किसानों के माध्यम से चिन्हित 128 क्लस्टरों में जैविक खेती की जा है। किसानों के जैविक उत्पादों को अच्छा बाजार मिले और उनकी आय में वृद्धि करने के उदेश्य से जिले में ऱेता विक्रेता सम्म्लेन कराए जा रहे है। उन्होंने बताया कि आज इस सम्मेलन में दिल्ली से तीन, गुजरात से एक, यूपी से दो बायर्स के अतिरिक्त स्थानीय बायर्स द्वारा भी प्रतिभाग किया गया है और किसानों से सीधा संवाद स्थापित कराया गया है। इस दौरान परियोजना निदेशक आनंद सिंह, मुख्य उद्यान अधिकारी तेजपाल सिंह, कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी सरेन्द्र कुमार, डा. आशुतोष वर्त्वाल, योगेश रूवाली, अपर कृषि अधिकारी डा. जीतेन्द्र भाष्कर सहित कृषि वैज्ञानिक, विशेषज्ञ, बाहर से आए हुए बायर्स एवं कृषक उपस्थित थे।

## छात्र संघ चुनाव को 21 दावेदारों ने खरीदे नामांकन पत्र




ऋषिकेश। श्रीदेव सुमन विवि कैंपस ऋषिकेश के छात्रसंघ चुनाव के लिए विभिन्न पदों के 21 दावेदारों ने नामांकन पत्र खरीदे हैं। आज मंगलवार को नामांकन पत्र जमा होंगे, इसके लिए कॉलेज प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। छात्रसंघ चुनाव के मतदान 24 दिसंबर को होगा। सोमवार से नामांकन पत्रों की बिक्री के साथ ही चुनाव प्रक्रिया का शुरू हो गई है। नामांकन पत्र सुबह 11 बजे से 3 बजे तक बिके। छात्र संघ चुनाव में किस्मत आजमाने वाले दावेदार नामांकन पत्र खरीदते समय बेहद उत्साहित नजर आए। महासचिव पद के प्रत्याशी अमन पांडेय, यूआर अभय वर्मा ने अपनी जीत का दावा करते हुए बताया कि समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। छात्र संघ चुनाव प्रभारी प्रोफेसर प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि अध्यक्ष समेत विभिन्न पदों के लिए 18 नामांकन पत्र और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि (यूआर) के लिए तीन नामांकन पत्र बिके। मंगलवार को नामांकन पत्र सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक दाखिल होंगे। नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान जुलूस–रैली की संभावना के मद्देनजर कॉलेज प्रशासन ने सभी तैयारियां कर ली हैं। कॉलेज कैंपस में रैली–जुलूस निकालना प्रतिबंधित है। पर्चे दाखिल होने के बाद अध्यक्ष, महासचिव और अन्य पदों पर प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट होगी। नामांकन पत्रों की बिक्री बिना पद का उल्लेख किए की गई।

## पशुओं को आवारा छोड़ने वालों से वसूला एक लाख का जुर्माना

देहरादून। नगर निगम ने दुधारू पशुओं को आवारा स्थिति में छोड़ने वालों पर नकेल कसनी शुरू कर दी है।

वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ डीसी तिवारी ने बताया कि इस माह अब तक करीब एक लाख रुपये का जुर्माना वसूला जा चुका है।

उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अधिकारी ने बताया कि कुछ लोग दुधारू पशुओं सुबह शाम दूध निकालने के बाद उन्हें आवारा स्थिति में छोड़ देते हैं, जिससे हादसा होने का खतरा बना रहता है। साथ ही वाहनों की टक्कर लगने से पशुओं के चोटिल होने की भी संभावना बनी रहती है।

## विधायक ने की 700 लाख की लागत से बनने वाली योजनाओं की शुरुआत

विकासनगर। सहसपुर ब्लॉक के नौगांव–मांडूवाला की दस हजार की आबादी को जल्द ही पेयजल किल्लत से निजात मिलने की उम्मीद जगी है। सोमवार को विधायक सहदेव पुंडीर ने 383 लाख से अधिक की लागत से बनने वाली पेयजल योजना का भूमि पूजन कर कार्य शुरू कराया। विधायक ने बताया कि योजना के जलाशय निर्माण, पंप हाउस, रेन वाटर हार्वेस्टिंग टैंक के नलकूप निर्माण किया जाएगा, जिसकी कुल लागत 383.13 लाख रुपए है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 तक जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल के लक्ष्य को पूरा किया जाएगा। बताया कि इस पेयजल योजना का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य सितंबर 2024 तक रखा गया है। योजना पूरी होने पर दस हजार की आबादी को पीने का पर्याप्त पानी मिलेगा। इसके साथ ही मालडुंग जलाशय योजना निर्माण का कार्य भी जल्द शुरू कर दिया जाएगा, जिससे पूरे सहसपुर क्षेत्र की पेयजल किल्लत समाप्त हो जाएगी। दूसरी ओर, विधायक ने होरावाला में सिंचाई नहर हेड, नहर निर्माण, फीडरों के पुनर्उद्धार और लिंक नहरों के निर्माण कार्यों का पूजा अर्चना कर विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि किसानों को सिंचाई का पर्याप्त पानी सुनिश्चित कराना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। खेतों में उपज बढ़ने से ही किसानों की आय बढ़ेगी।

## एटीएम कार्ड बदलकर ठगने वाले गैंग का एक सदस्य गिरफ्तार

देहरादून। एटीएम कार्ड बदलकर रुपये निकालने वाले गैंग के एक आरोपी को सेलाकुई थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी गैंग के दो सदस्य फरार चल रहे हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। आरोपियों ने रविवार को आईएसबीटी क्षेत्र की महिला का एटीएम बदलकर उससे 14 हजार रुपये निकाले। सेलाकुई में एटीएम बूथ पर बातचीत के दौरान युवक का एटीएम भी चोरी किया। एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि हेमा शेरपा निवासी चंद्रबनी, मोहब्बेवाला रविवार को आईएसबीटी क्षेत्र स्थित एटीएम गई। इस दौरान रुपये निकालने में मदद के बहाने तीन युवकों में एक ने एटीएम कार्ड बदला। इसके बाद उससे 14 हजार रुपये निकाल लिए। वहीं रविवार को ही सेलाकुई में मासूम अली का एटीएम बातचीत के दौरान चोरी कर लिया गया। दोनों मामलों में संबंधित थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि दोनों एटीएम बूथों पर घटना में तीन युवक दिखाई दिए।

## बिना अनुमति ध्वस्त प्लाटिंग पर दोबारा काम शुरू करने पर होगा केस दर्जः एमडीडीए

देहरादून। एमडीडीए ने तरला नागल में बीस बीघा क्षेत्र में की जा रही प्लाटिंग ध्वस्त की है। यह भी चेताया कि यदि ध्वस्त प्लाटिंग पर बिना अनुमति फिर से काम शुरू किया गया तो मुकदमा दर्ज किया जाएगा। तरला नागल में बीस बीघ क्षेत्र में समतलीकरण कर प्लाटिंग की जा रही थी। जबकि प्लाटिंग की कोई अनुमित नहीं ली गई। इसकी शिकायत एमडीडीए तक पहुंची। एमडीडीए सचिव ने टीम को मौके पर भेजा।

## नियुक्ति मांग को लेकर चयनित अभ्यार्थियों का प्रदर्शन

देहरादून। सहायक अध्यापक, व्यक्तिक सहायक और स्टेनोग्राफर परीक्षा के चयनित अभ्यर्थियों ने सोमवार को परेड ग्राउंड में धरना प्रदर्शन किया। उन्हें वहां से सीएम आवास जाना था, पर दोपहर तक पुलिस ने उन्हें जाने नहीं दिया। इसलिए वे वहीं धरना देने लगे। चयनित अभ्यर्थी अंकित डंगवाल ने बताया कि एक साल से वे नियुक्ति की मांग को भटक रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुन नहीं रहा। ये तक मांग की की अगर सरकार नियुक्ति नहीं दे सकती तो उन्हें मौत दे दे।



# बीएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थी नहीं कर पाएंगे मतदान

## 24 दिसंबर को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में होंगे मतदान

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चुनाव की तिथि घोषित होने के बाद छात्र संगठन अपने प्रत्याशी को जितवाने की तैयारी में जुट गए हैं। छात्र संगठन विद्यार्थियों से चुनाव जीतने के बाद तरह-तरह के वादे कर रहे हैं। लेकिन, इस वर्ष बीएड प्रथम वर्ष के सौ विद्यार्थी छात्रसंघ चुनाव में अपने मत का प्रयोग नहीं कर पाएंगे। इससे नाराज एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य डा.जानकी पंवार से नियमों में परिवर्तन करने की मांग उठाई।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के बीएड विभाग में सौ छात्र–छात्राएं प्रथम सेमेंटर में अध्ययनरत हैं। कोरोना के कारण समय पर परीक्षाएं नहीं होने के कारण इन विद्यार्थियों का द्वितीय सेमेस्टर में प्रवेश नहीं हो पाया है। ऐसे में विश्व विद्यालय ने इन विद्यार्थियों को छात्र संघ चुनाव में मतदान से वंचित कर दिया है।

यही नहीं विद्यार्थियों को इस सत्र का परिचय पत्र भी नहीं मिल पाया है। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष हिमांशु बहुखंडी ने बताया कि गत वर्ष तक इन सभी विद्यार्थियों की परीक्षाएं सितंबर माह से समाप्त हो जाती थी। लेकिन, इस वर्ष श्री देव सुमन विश्व विद्यालय ने परीक्षाएं करवाने में देरी की है। ऐसे में विश्व विद्यालय की लापरवाही विद्यार्थियों पर नहीं थोपी जानी चाहिए। कहा कि वह इस संबंध में श्री देव विश्व विद्यालय के कुलपति से भी वार्ता करने का प्रयास कर रहे हैं। यदि विद्यार्थियों को मतदान से वंचित रखा गया तो एनएसयूआई आंदोलन करेगा।



कोटद्वार महाविद्यालय में छात्रों की समस्याओं को लेकर प्राचार्य से वार्ता करते पदाधिकारी।



महाविद्यालय में प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील करते संगठन के पदाधिकारी

### प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय चक्र शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत संकुल नगर क्षेत्र में विद्यालय प्रबंधन समितियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय चक्र आरंभ हो गया है। प्रशिक्षण में नगर संकुल से संबंधित छह विद्यालयों की विद्यालय प्रबंधन समितियां प्रतिभाग कर रही हैं। संदर्भदाता मंसूद हसन व नमिता बुड़ाकोटी द्वारा समिति सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संदर्भदाता मंसूद हसन ने बताया कि प्रशिक्षण में समितियों को शासन–प्रशासन द्वारा प्रदत्त अधिकारों के संबध में जानकारी दी जा रही हैं। साथ ही विद्यालय प्रबंधन समिति के अधिकारों के प्रयोग व उसके दायित्व तथा विद्यालय के विकास में सहयोग दिए जाने संबधी मुद्दों पर भी विचार विमर्श किया जायेगा। प्रशिक्षण में सुनीता घिल्डियाल, विजयलक्ष्मी रावत, प्रतिभा बिष्ट, मधुबाला बडोनी, संगीता देवी और सुनीता देवी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### अभिषेक होंगे अभाविप से अध्यक्ष प्रत्याशी

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में होने वाले छात्र संघ चुनाव के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मोहित नेगी को अध्यक्ष पद का प्रत्याशी घोषित किया है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में अभाविप की ओर से अध्यक्ष पद के लिए मोहित नेगी, उपाध्यक्ष शिखर अग्रवाल, सचिव प्रीतक बलूनी, कोषाध्यक्ष मेघा ध्यानी व सह सचिव पद के लिए अजय नेगी के नाम की घोषणा की गई है।

### पहले दिन बिके 12 नामांन पत्र

छात्र संघ चुनाव के लिए सोमवार को नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू कर दी गई। छात्रसंघ मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा.देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए तीन, महासचिव के लिए एक, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष सह सचिव व यूआर के लिए दो–दो फार्म की बिक्री हुई है। मंगलवार को भी फार्म बिक्री किए जाएंगे।

### अभिषेक होंगे एनएसयूआई के अध्यक्ष प्रत्याशी

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रसंघ चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की ओर से अभिषेक रावत को अध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाया गया है। सोमवार को संगठन की बैठक आयोजित की गई। संगठन के जिला उपाध्यक्ष हिमांशु बहुखंडी ने बताया कि उपाध्यक्ष पद पर पारस नेगी, सचिव अमन बिष्ट, कोषाध्यक्ष नेहा, सहसचिव अशफाक व विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद के लिए दमनदीप का नाम ऐलान किया गया है। इस मौके पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विजय रावत, आशीष काला, अरविंद रावत, पंकज खत्री, अतुल भारती, ऋषभ गर्ग, हिमांशु डबराल, अभिषक अग्रवाल, मनदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# जनता से मित्र जैसा व्यवहार रखें पुलिस कर्मीः एएसपी

## अपर पुलिस अधीक्षक शेखर सुयाल ने किया सतपुली थाने का निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार/सतपुली** : अपर पुलिस अधीक्षक शेखर सुयाल ने पुलिस कर्मियों को जनता के साथ मित्र जैसा व्यवहार करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि पीड़ित व्यक्त को समय पर न्याय मिल सकें इसके लिए हमें गभीरता से कार्य करना होगा। इस दौरान उन्होंने सतपुली के व्यापारी, मैक्स समाचार व अन्य लोगों के साथ भी बैठक की।

सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक ने सतपुली थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने थाने में रखे दस्तावेजों की भी गहनता से जांच की। कहा कि जनता को पुलिस से कई उम्मीदें होती है। ऐसे में पुलिस को भी अपनी जिम्मेदारी का गंभीरता से पालन करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने आमजन को साइबर अपराध, नशा व अन्य अपाधों के प्रति भी जागरूक किया। कहा कि किसी भी तरह की समस्या होने पर आमजन पुलिस अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने पुलिस कर्मियों को रात्रि गश्त बढ़ाने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर थानाध्यक्ष लाखन सिंह, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर प्रेम सिंह रावत, बृजमोहन सिंह रावत, व्यापार मंडल अध्यक्ष जयदीप नेगी, कोषाध्यक्ष सुनिल डंडरियाल, रामानंद मित्तल, पुष्पेन्द् राणा, प्रवीन सिंह, गुमान सिंह, मो हनीफ आदि मौजूद रहे।



सतपुली थाने का निरीक्षण करते एएसपी

### पितांबर अध्यक्ष तो सुरेंद्र और मधुसूदन बनें सचिव

**श्रीनगर गढ़वाल** : मायादेवीखाल में क्षेत्रीय विकास एवं संघर्ष समिति का गठन किया गया। जिसमें पितांबर दत्त बलूनी को अध्यक्ष, चंद्रप्रकाश बंगवाल, हरिप्रसाद बंगवाल, विरेंद्र सिंह, जगदीश लाल व कुशलानंद बडोनी को उपाध्यक्ष तथा सुरेंद्र प्रसाद बंगवाल व मधुसूदन बंगवाल को सचिव बनाया गया। इसके अलावा समिति में दिनेश प्रसाद सेमवाल, विरेंद्र बंगवाल व रविंद्र सिंह राणा और रमेश को कोषाध्यक्ष, अजय सेमवाल व अनिल बंगवाल को मीडिया प्रभारी, राजेंद्र प्रसाद बंगवाल, जगदंबा प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद को प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि लक्षमोली–हडिमधार पेयजल योजना से पेयजल आपूर्ति सुचारू न होने से लोग परेशान हैं। कहा यदि एक माह के अंदर पेयजल योजना से आपूर्ति सुचारू नहीं होती है और त्यूणा गदेरे से बरसोली, गवाणा, नौली, सौडू आदि गांवों के टैंकों में पानी नहीं पहुंचाया जाता है तो उन्हें उग्र आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। इस संदर्भ में समिति की ओर से शासन–प्रशासन को ज्ञापन भी भेजा गया है। (एजेंसी)

# विद्यार्थियों को दिए गर्म वस्त्र

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** इनरव्हील क्लब ऑफ कोटद्वार ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय नम्बर आठ रमेश नगर के विद्यार्थियों को गर्म वस्त वितरित किए। इस दौरान सदस्यों ने अन्य संस्थाओं से भी बच्चों की मदद के लिए आगे आने की अपील की।

सोमवार को क्लब की अध्यक्ष राजकमल माहेश्वरी, एग्जेक्युटिव मेम्बर व पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी शर्मा, रेनू अग्रवाल ने बच्चों को स्वेटर, ड्रेस, मोजे , बेल्ट व कम्बल वितरित किए। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका विनीता पटवाल ने क्लब के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कहा कि गरीब व असहाय परिवारी के बच्चों की पढ़ाई में मदद के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए।



कोटद्वार में बच्चों को वस्त्र वितरित करते क्लब के सदस्य।

# सीएमओ ने निक्षय मित्रों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने टीबी उन्मूलन हेतु निक्षय मित्र बने विभागीय कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने अपील करते हुये कहा कि आर्थिक रुप से सक्षम लोग टीबी उन्मुलन के लिए जन सहभागिता के साथ टीबी रोगियों की सहायता हेतु निक्षय मित्र बन सकते है।

इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए आशा, एएनएम या प्राइमरी हैल्थ केयर सेन्टर पर सम्पर्क किया जा सकता है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. रमेश कुंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य स्तर पर जनपद पौड़ी ने निक्षय मित्र बनाने के लक्ष्य को पूरा करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जनपद में 440 निक्षय मित्रों द्वारा 655 टीबी रोगियों को गोद लिया गया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को टीबी उन्मूलन हेतु सहयोग के लिए सम्मानित किया गया, स्वास्थ्य विभाग के सबसे अधिक 159 अधिकारी व कर्मचारी निक्षय मित्र बनें हैं। इसके साथ ही अन्य विभागीय कर्मियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा भी निक्षय मित्र योजना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई है, इसलिए निक्षय मित्र बने अन्य विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को भी स्वास्थ्य विभाग की ओर से सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी खिर्सू डॉ. जीशान अली, प्रशासनिक अधिकारी संजय नेगी, सहायक प्रतिरक्षण अधिकारी सुशील कुमार, वरिष्ठ सहायक रविन्द्र डोगरा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राजीव रावत, डॉ. रुचि, डॉ. गौरी बिष्ट, एवं एएनएम नीलम नेगी सहित अन्य कर्मियों को सम्मानित किया गया।



सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार निक्षय मित्र को सम्मानित करते हुए।

# सोहन राजा बने लैंसडौन विधानसभा अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में लैंसडौन विधानसभा अध्यक्ष पद पर सोहन राजा निर्वाचित हुए हैं। राजा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त की है।

युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव के लिए कुछ दिन पूर्व चुनाव करवाए गए थे। जिसमें राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनीडांडा के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सोहन राजा ने विधानसभा अध्यक्ष के पद पर जीत हासिल की है। सोहन की जीत पर कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं के साथ युवा कांग्रेस ने उनका स्वागत किया। लैंसडौन विधानसभा प्रत्याशी रही अनुकृति गुसाईं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों से परेशान युवा कांग्रेस के साथ जुड़ रहा है। कांग्रेस युवाओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। इस दौरान कार्यकर्त्ताओं ने संगठन की मजबूती को लेकर कार्य करने का भी संकल्प लिया। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष जंगबहादुर सिंह नेगी, विकास नेगी, विजय रावत आदि मौजूद रहे।



लैंसडौन विधानसभा अध्यक्ष पद पर जीतने वाले सोहन राजा

# प्राकृतिक जलस्रोत व देवालयों में की साफ-सफाई

## स्पर्श गंगा दिवस पर छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** स्पर्श गंगा दिवस के अवसर पर पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान स्वयं सेवियों ने गांव के आसपास प्राकृतिक स्रोत व देवालयों की साफ-सफाई की।

विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी के नेतृत्व में विद्यालय परिसर से रैली निकाली गई। अभियान के दौरान रैली ग्राम घरासू तक निकली। जहां स्वयं सेवियों ने प्राकृतिक स्रोत व पानी की निकासी के लिए बनी नालियों की साफ-सफाई की। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने शिव मंदिर में भी स्वच्छता अभियान चलाया।

अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने अपने हाथों में जल ही जीवन है, जल बचेगा जीवन बचेगा, नदियां जीवनदायी है, एक ही संकल्प एक ही नारा निर्मल बने गंगा धार जैसे कई नारों की तख्तियां हाथों में पकड़ी हुई थी। अभियान में धरासू के पूर्व प्रधान व समाजसेवी सैन सिंह रामोला ने भी अपना सहयोग दिया। इस मौके पर साक्षी नेगी, प्रीति रमोला, मानसी, अर्चना, दिया, रोनिका, अनुष्का, प्रिया, आकाश रावत आदि मौजूद रहे।



स्पर्श गंगा दिवस के तहत जागरूकता रैली निकालते स्वयं सेवी ।

### शिविर 23 को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः गढ़वाल पूर्व सैनिक लीग की ओर से 23 दिसंबर को शिविर का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए कर्नल (सेवानिवृत्त)बुद्धि बल्लभ ध्यानी ने बताया कि शिविर कौड़िया गब्बर सिंह कैंप में होगा। जिसमें गौरव सैनानियों एवं वीर नारियों और उनके आश्रितों को विभिन्न योजनाओं से अवगत करवाया जाएगा। शिविर में मेडिकल जांच ईसीएचकार्ड, आधार कार्ड, बैंक स्टाल के अतिरिक्ति जिला सैनिकल कल्याण पुनर्वास कार्यालय गढ़वाल राइफल्स रिकार्ड, वेतन लेखा, कार्यालय गढ़वाल राइफल्स लैंसडौन की ओर से भी स्टॉल लगाया जाएगा।

# संगठन ने अनुराधा भारद्वाज को किया सम्मानित

**कोटद्वारः** वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से राष्ट्रीय तीरंदाज प्रतियोगिता में कास्य पदक जीतने वाली तीरंदाज अनुराधा भारद्वाज को सम्मानित किया गया। इस दौरान संगठन की ओर से दिसंबर माह में जन्मे वरिष्ठ नागरिकों का जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया।

देवी रोड स्थित संगठन कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश पूजन, हवन और आरती से किया गया। वरिष्ठ नागरिक पीएल खंतवाल ने कहा कि संगठन सामाजिक कार्यों में भी लगातार सक्रिय रहता है। संगठन के सदस्य हमेशा से ही जीवन की मुख्य धारा से वंचित लोगों की मदद के लिए तैयार रहते हैं। मौके पर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर बालासौड़ निवासी तीरंदाज अनुराधा भारद्वाज को प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में त्रिलोक सिंह रावत, शशिभूषण अमोली, महेंद्र अग्रवाल, विनोद थपलियाल, कृष्ण कुमार रावत, तिलक मोहन धस्माना, रिपुदमन बिष्ट और प्रवेश नवानी आदि थे।



अनुराधा भारद्वाज को सम्मानित करती विरष्ठ नागरिक संगठन के सदस्य ।

### 21 को होगा वालीबॉल टीम का चयन

**पौड़ी :** जिले की वालीबॉल टीम का चयन आगामी 21 दिसम्बर को पुलिस लाईन पौड़ी में किया जायेगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी गिरीश कुमार ने बताया कि जनपद पौड़ी का वालीबॉल चयन ट्रायल 21 दिसम्बर को 11 बजे पुलिस लाईन पौड़ी में किया जायेगा। कहा कि चयन ट्रायल में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को स्थायी निवास प्रमाण पत्र, एक रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो तथा आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि खेल विभाग जनपद चमोली द्वारा 23 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक बालक ओपन वर्ग की राज्य स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन नौरख पीपलकोटी में किया जा रहा है।

### पौड़ी में बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पौड़ी :** पौड़ी-श्रीनगर राजमार्ग पर बैंग्वाड़ी के समीप बीते रविवार को हुए हादसे में बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है। मामले की जांच बाजार चौकी प्रभारी हेमकांत सेमवाल सौंप दी गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पौड़ी ने बताया कि पौड़ी-श्रीनगर राजमार्ग पर बीते रविवार शाम करीब तीन बजे पौड़ी से 32 सीटर बस 25 सवारियां लेकर श्रीनगर को रवाना हुई। लेकिन राजमार्ग पर बैंग्वाड़ी के समीप श्रीनगर की ओर से आ रही कार और बस आमने-सामने आने आ गए। कार के बचाव में बस चालक ने जैसे ही ब्रेक लगाए, लेकिन बस अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गई थी। जिस पर घायलों को उप जिला चिकित्साल श्रीनगर व जिला अस्पताल पौड़ी भेजा था। बताया कि कार चालक दीप सिंह की तहरीर पर बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने, लोगों के चोटिल होने व कार को नुकसान पहुंचने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया कि बाजार चौकी प्रभारी मामले की जांच कर रहे हैं।

# आचार संहिता के उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

बागेश्वर : राजकीय महाविद्यालय बागेश्वर में 24 दिसंबर को होने वाले चुनावों की सरगर्मियां प्रारंभ हो गई है। मंगलवार को नामांकन पत्रों की बिक्री होगी।

कोविड काल में तीन साल तक चुनाव न होने के कारण इस बार के चुनावों में मतदाताओं में काफी उत्साह है। इधर चुनाव शांतिपूर्ण कराने के लिए प्रशासन व महाविदयालय प्रशासन की संयुक्त बैठक हुई।

बैठक में तहसीलदार दीपिका आर्या ने प्रत्याशियों से कहा कि कोई भी प्रत्याशी चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन नहीं करेगा। प्रत्याशी द्वारा किसी प्रकार का बैनर नहीं लगाया जा सकता है व पूर्व में लगे पोस्टर आदि हटाने के आदेश दिए। कहा कि यदि कहीं पर आचार संहिता का उल्लंघन पाया गया तो नामांकन निरस्त किया जा सकता है। कोतवाल कैलाश नेगी ने कहा कि कोई भी छात्र-छात्रा किसी प्रकार से आचार संहिता व यातायात व्यवस्था का उल्लंघन नहीं करे। महाविद्यालय आने के लिए यदि वाहन का प्रयोग किया जाता है तो हेलमेट अनिवार्य होगा व ओवर लोडिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में प्रत्याशियों ने कई शंकाओं का समाधान करते हुए प्रशासन से कहा कि किसी प्रकार की अराजकता करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाय। इस दौरान प्राचार्य डॉ. एसएस धपोला, चुनाव प्रभारी डॉ. ललित मोहन समेत विभिन्न पदों के प्रत्याशी उपस्थित थे। चुनाव प्रभारी ने बताया कि चुनावों की अधिसूचना जारी कर दी गई है। नामांकन पत्र मंगलवार को खरीदे जाएंगे जिनकी जांच बुधवार को की जाएगी।

कहा कि महाविद्यालय में अब तक 2350 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं, जबकि अभी प्रवेश प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। (एजेंसी)

# पूर्व युकां जिलाध्यक्ष शुभम बिष्ट ने दिया इस्तीफा

पिथौरागढ़ : नगर के तड़ीगांव निवासी यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष शुभम बिष्ट पुत्र राम सिंह ने संगठन की अनदेखी से आहत होकर पार्टी से इस्तीफा दिया है। सोमवार को उन्होंने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित प्रदेश अध्यक्ष को अपना इस्तीफा भेजा। इस दौरान उन्होंने कहा कि बीते एक दशक से अधिक समय से वे एक सच्चे सिपाही के तौर पर पार्टी से जुड़े हुए हैं। उनके कार्यों को देखते हुए वर्ष 2015 में पार्टी ने उन्हें विधानसभा महासचिव की जिम्मेदारी सौपी। पार्टी की अपेक्षाओं पर वे पूरी तरह खरे उतरे और वर्ष 2019 में संगठन ने उन्हें विधानसभा अध्यक्ष भी बनाया। कुछ समय पूर्व ही उन्हें संगठन ने जिलाध्यक्ष नियुक्त कर सीमांत जनपद की कमान भी सौपी, लेकिन अब पार्टी ने किसी और अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह वर्षों से पार्टी में रहकर मेहनत करने वाले ईमानदार कार्यकर्ता का अपमान है। जिस कार्यकर्ता को आगे बढ़ाना चाहिए था उसे संगठन ने पीछे धकेलने का काम किया है। इस्तीफे के बाद पूर्व युकां अध्यक्ष के भाजपा में भी शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि शुभम ने संभावनाओं पर विराम लगाते हुए कहा कि वे अब किसी पार्टी से नहीं जुड़ेंगे। (एजेंसी)

# क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच राथी ने 9 विकेट से जीता



पिथौरागढ़ : ग्राम सभा रमतोली के सेलपानी खेल मैदान में धामी गांव क्रिकेट क्लब के द्वारा संचालित जय छिपला केदार क्रिकेट प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख धन सिंह धामी ने रिबन काटकर विधिवत उद्घाटन किया। आयोजन समिति के सदस्यों के द्वारा अतिथियों का बैज अलंकरण कर स्वागत किया गया।

उद्घाटन मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए खुमती की टीम 59 रनों में ऑल आउट हो गई। राथी के गुड्डू, प्रेम, हरीश ने शानदार गेंदबाजी करते हुए क्रमशः 3-3 और 2 विकेट झटके, लक्ष्य का पीछा करते हुए राथी की टीम ने धीरज धामी 24 तथा युवराज धामी के 22 रनों की मदद से 5 ओवर में ही लक्ष्य प्राप्त करते हुए 9 विकेट से उद्घाटन मुकाबला जीत लिया। निर्णायक की भूमिका प्रेम सिंह महर तथा नरेंद्र बिष्ट के द्वारा निभाई गई। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य देवराज बिष्ट राम सिंह बिष्ट पूरन धामी प्रेम सिंह धामी बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। आयोजन समिति के गोविंद सिंह धामी किशन धामी कैलाश सिंह दान सिंह, महेंद्र धामी तथा वीर सिंह धामी के द्वारा सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया। (एजेंसी)

# सिलेंडर में धधकी आग, मची अफरा-तफरी



चम्पावत : बाराकोट स्थित एक रेस्टोरेंट में रखे सिलेंडर में आग से हजारों का नुकसान हो गया है। लोगों की सूझबूझ से आग पर काबू पाया गया। अचानक धधकी आग से यहां अफरा-तफरी मच गई। सोमवार को सुबह 11 बजे बाराकोट स्टेशन में लाल सिंह अधिकारी के रेस्टोरेंट में रखे सिलेंडर में अचानक आग धधक उठी। आग भड़कने से अगल-बगल की दुकानों और मकानों से लोग बाहर आ गए और अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में युवाओं ने बाजार से एसबीआई में लगे हुए अग्निशमन यंत्र लाकर आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन सिलेंडर पर लगी आग पर काबू नहीं पाया जा सका। सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष नागेंद्र जोशी ने जान जोखिम में डालकर जलते हुए सिलेंडर को दुकान से बाहर खींच उसमें कंबल लपेट लिया। आग लगने से रेस्टोरेंट में रखे फ्रिज, मिक्सी, आटे के कट्टे जलकर राख हो गए। सूचना पर दमकल कर्मी भी बाराकोट पहुंच गए। आग बुझाने में विजय नाथ गोस्वामी, शुभम गोस्वामी, सौरव गोस्वामी, योगेश जोशी, कौस्तुभ अधिकारी, अनिल वर्मा आदि रहे। (एजेंसी)

## वन्यजीव संघर्ष के बढ़ते मामलों को लेकर वन विभाग सर्तक

रुद्रपुर : सीमांत में वन्यजीव संघर्ष के बढ़ते मामलों को लेकर वन विभाग सतर्क हो गया है। इस बीच विभाग ने जन जागरूकता अभियान चलाया। साथ ही ग्रामीणों से अकेले जंगल में न जाने की अपील की।

जंगल से सटे ग्रामीण इलाकों में दिन पर दिन वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं सामने आ रही है। जिसकी रोक थाम के लिए लेकर वन कर्मी लगातार गश्त कर रहे हैं। सोमवार को विभाग की टीम ने वनगवा, चांदा, जमौर, हल्दी, सरपुड़ा, भिलईया, बागुलिया समेत आधा दर्जन गांवों में जन जागरूकता अभियान चलाया। वनगवा के ग्राम प्रधान गुरमेज सिंह ने घर-घर जाकर लोगों से देर शाम को जंगल में न जाने, सतर्कता बरतने, अकेले जंगल में न जाने और कोई भी घटना होने पर वन विभाग के अधिकारियों को सूचित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सतर्कता से ही घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। कहा इसमें किसी प्रकार की कोताही न बरतें। (एजेंसी)

# भुगतान नहीं होंने से नाराज खेत मालिकों ने किया प्र्रदर्शन



बागेश्वर : कांडा तहसील के बजीना के ग्रामीणों ने खड़िया खान संचालक पर पूर्व में खोदे गए खड़िया का भुगतान नहीं देने का आरोप लगाया है। साथ ही मांगने पर धमकी देने का भी आरोप लगाया है।

नाराज खेत मालिकों ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। जल्द मांग पूरी नहीं माने जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। बजीना के ग्रामीण सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। बाद में जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव में खड़िया खनन कार्य हो रहा है। खान मालिक ने पूर्व में खोदे गए खड़िया का अभी तक भुगतान नहीं किया है। मांगने पर उन्हें धमकाया जा रहा है। दोबारा खनन कार्य शुरू कर दिया है। अब खान मालिक मनमानी पर उतर आया है। उन्होंने चेतावननी दी कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई तो वह आमरण अनशन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने जल्द से जल्द न्यय दिलाने की मांग की है। मांग करने वालों में पूरन राम, आनंद राम, प्रमोद राम, चम्पा कांडपाल, माधावी देवी, आंदन राम, रमेश राम, आशा देवी, बहादुर राम, पूरन राम आदि शामिल हैं। (एजेंसी)

# युवती ने लगाया शारीरिक शोषण करने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस



रुद्रपुर : कोपा कृपाली निवासी जनजाति की युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। युवती ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस को दी तहरीर में युवती ने बताया कि उसका हरीपुरा कोपा कृपाली गूलरभोज निवासी एक युवक से आठ वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा है। इस बीच युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। कुछ दिन पहले उसे मालूम हुआ कि युवक कहीं और शादी करने जा रहा है। इस पर वह युवक के घर गई। आरोप है कि युवक, उसके पिता, भाई व परिवार की महिलाओं ने जनजाति समाज से होने के कारण शादी से इनकार कर दिया और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इधर, मामले को लेकर ग्राम प्रधान मनोज देवराड़ी व जनप्रतिनिधियों ने दोनों पक्षों को बुलाकर शादी के प्रयास किए, लेकिन लड़के के पक्ष ने शादी से साफ इनकार कर दिया। थक हारकर पीड़िता ने गूलरभोज पुलिस चौकी में युवक व उसके परिजनों के खिलाफ नामजद तहरी देकर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। चौकी प्रभारी गूलरभोज राकेश कठैत ने बताया कि युवती द्वारा दी गई तहरीर रिसीव कर ली गई है। मामले की तफ्तीश महिला उपनिरीक्षक द्वारा की जा रही है। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। (एजेंसी)

## चार साहिबजादों व काकोरी कांड के शहीदों को किया याद

रुद्रपुर : गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादे बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह के बलिदानी सप्ताह और काकोरी कांड के शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, ठाकुर रोशन सिंह व राजेंद्र लाहड़ी के बलिदान दिवस पर सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

सोमवार को आवास विकास में आयोजित कार्यक्रम में संजीव कुमार सिंह, दिनेश भाटिया, प्रेमलता चौहान व बाबा रामधुन ने दीप जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। हम हिन्दुस्तानी संस्था के संयोजक दर्शन सिंह हिन्दुस्तानी ने बताया कि जब देश धर्म के सम्मान की बात आई तब गुरु गोविंद सिंह जी ने पहले अपने पिता गुरु तेग बहादुर को बलिदान देने के लिए प्रेरित किया और फिर औरंगजेब के अत्याचार के खिलाफ अपने चारों बच्चों का बलिदान दिया। उनका विश्व में सबसे बड़ा बलिदानी परिवार है।

# पूर्व सैनिकों ने फूंका बिलावल भुट्टो और राहुल गांधी का पुतला



रुद्रपुर : कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और पाकिस्तान के मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा सेना पर दिए विवादित बयान से अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद भड़क गया है। आक्रोशित परिषद के सदस्यों ने दोनों का पुतला फूंका। साथ ही जल्द भारतीय सेना से माफी मांगने को कहा। सोमवार को परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष और उत्तराखंड राज्य सैनिक परिषद के सदस्य खड़क सिंह कार्की के नेतृत्व में चक्की मोड में एकत्रित हुए। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी और बिलावल भुट्टो के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि विगत दिनों अरुणाचल के तवांग में भारतीय और चीन की सेना में हुए टकराव पर राहुल गांधी को अपने दिए गए बयान पर भारतीय सेना से माफी मांगनी चाहिए। कहा भारतीय सेना कमजोर नहीं है। भारतीय सैनिक 24 घंटे पाकिस्तान और चाइना के बॉर्डर पर 15000 फीट ऊंचाई पर रहकर देश की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि उसी सेना के लिए अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करना सरासर गलत है। ऐसे निंदनीय बयानों की हम कड़ी आलोचना करते हैं। इस मौके पर सूबेदार दरपान सिंह, गोविंद चौहान, कैलाश पाठक, रमेश कन्याल, मानसिंह, महेश दानू, भगत सिंह धर्मशक्तू, कैप्टन धन सिंह, राजेंद्र कोरंगा, नरेंद्र कोरंगा, दीपू धर्म सत्तू, लोकपाल शाही, विनोद भट्ट, सूबेदार दुर्गा राणा, गोपाल ठटोला, लाल सिंह पानू, राजेश पाठक, राजेंद्र मेहरा रहे। (एजेंसी)

# पूर्व हाईकोर्ट के न्यायाधीश मनोज तिवारी द्वारा चैम्बर्स का उद्धाटन किया




नैनीताल। सरोवर नगरी नैनीताल के जिला बार में बने कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने नवनिर्मित चैम्बर्स की चाबी अधिवक्ताओ को सौंपी। इससे पूर्व हाईकोर्ट के न्यायाधीश मनोज तिवारी द्वारा चैम्बर्स का उद्धाटन किया गया था।

बार भवन में आयोजित कार्यक्रम में जिला जज राजेन्द्र कुमार जोशी ने इसे बेहतर उपलब्धि बताया। वही कुमाऊँ आयुक्त ने बार की मांग पर आयुक्त कार्यालय के समीप चैम्बर्स निर्माण पर भी सहमति देकर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। वही एसोसिएशन के अध्यक्ष नीरज शाह ने कहा कि जिला जज व कुमाऊँ आयुक्त द्वारा हर स्तर पर बार का सहयोग किया गया है जिसके लिये उन्होंने दोनों का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन बार के पूर्व सचिव मनीष मोहन जोशी ने किया। इस दौरान अध्यक्ष नीरज शाह, उपाध्यक्ष संजय सुयाल, तरुण चंद्रा, शिवांशु जोशी, उमेश कांडपाल, मनीष कांडपाल, किरन आर्या, राजेन्द्र कुमार पाठक, अरुण बिष्ट मौजूद रहे।

## मरीजों को बांटे फल और अध्यात्मिक साहित्य

रुद्रपुर : मानव उत्थान सेवा समिति के लोगों ने क्रिसमस के उपलक्ष्य में नगर के सीएचसी में जाकर मरीजों को फल एवं अध्यात्मिक साहित्य बांटा। इस मौके पर महात्मा विशेषानंद ने कहा कि सतपाल महाराज सभी धर्मों का आदर एवं सम्मान करते हैं। सद्गुरुदेव सतपाल महाराज से प्रेरणा लेकर आज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल एव आध्यात्मिक साहित्य निःशुल्क बांटा जा रहा है। इस मौके पर साध्वी सुदेवी बाई जी, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, सभासद रवि रस्तोगी, विशन स्वरूप जिंदल, दिगम्बर सती, रुकमणी देवी रस्तोगी, उम्मेद सिंह नेगी, श्वेता अग्रवाल, सुधा जिंदल, देवी मित्तल, ऊषा देवी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# कांग्रेस करेगी बूथ जोड़ो-यूथ जोड़ो अभियान शुरू



रुद्रपुर : उत्तराखंड यूथ कांग्रेस संगठन चुनाव में महासचिव पद पर वजिंद्र सिंह मोमी 5239 वोटों से निर्वाचित हुए। वजिंदर इससे पूर्व जिला ऊधमसिंह नगर के यूथ कांग्रेस महासचिव पद पर रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वन बूथ-20 यूथ की तरह ह्यबूथ जोड़ो-यूथ जोड़ोह्न अभियान शुरू करेगी। इसमें प्रत्येक बूथ में पांच-पांच कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी।

कहा कि राहुल गांधी की पदयात्रा से प्रेरित होकर युवा कांग्रेस की ओर आकर्षित हो रहे हैं। युवाओं के लिए जो भी संघर्ष होगा, आगे भी किया जाएगा ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़ा जाएगा। वहीं उन्हें विधायक गोपाल सिंह राणा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना, जिला पंचायत सदस्य उत्तम आचार्य, सुमिंदर यादव, अशोक राणा, प्रकाश सिंह बब्बर, जिंदर सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, सुशील कुमार, प्रदीप वेदी, हरप्रीत सिंह, बलजीत सिंह, निंदर सिंह आदि ने बधाई दी है। (एजेंसी)

# सामान्य ज्ञान में प्रेरणा, कमलेश अव्वल

अल्मोड़ा : फाउंडेशन के तत्वाधान में लोद घाटी के सुकराड़ में समान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक ललित खाती के प्रयासों से आयोजित प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से लगभग 400 बच्चों ने भाग लिया। अभिभावकों ने इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों के भविष्य निर्माण के लिए ऐसी प्रतियोगिताएं आयोजित होनी चाहिए। जिसमें कक्षा 1 से कक्षा 5 तक प्राथमिक वर्ग की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रेरणा भंडारी अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज सलोंज, द्वितीय स्थान हिमानी बजेठा राजकीय इंटर कालेज, दड़मिया, तृतीय स्थान पर कुमारी बबीता सरस्वती शिशु मंदिर, झुपुलचौरा रही। जबकि कक्षा 5 से कक्षा 8 तक जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर कमलेश टंगड़िया कंट्री वाइड पब्लिक स्कूल सोमेश्वर, द्वितीय करन मेहरा सरस्वती शिशु मंदिर झुपुलचौरा, तृतीय स्थान पर प्रियंका नेगी सरस्वती शिशु मंदिर, झुपुलचौरा रही। इस कार्यक्रम में फाउंडेशन के मुख्य प्रशिक्षक दीपक मेहरा, कैलाश सिंह भंडारी, धीरज पांडे, शिक्षक गिरीश आगरी, भुवन नेगी, डॉ. सुनीता जोशी, डॉ. अपर्णा सिंह, पंकज भट्ट, बासंती आर्या, हरीश भंडारी, संतोष जोशी, जगत भंडारी, राहुल बोरा, कैलाश बोरा, राहुल राणा, दीवान कैड़ा, विराट नेगी, शंकर भंडारी, शंकर मेहरा, राजेन्द्र नेगी, दीपक गोस्वामी, चंदन भंडारी, चांस बोरा, ललित भंडारी, मनीषा मठपाल आदि ने सहयोग प्रदान किया। (एजेंसी)

## सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की मांग उठाई

रुद्रपुर : सभासद समन्वय समिति ने क्षेत्र में अलाव जलाने की मांग की है। उन्होंने इस आशय का ज्ञापन पालिकाध्यक्ष सोनी राणा को सौंपा है। समिति से जुड़े सभासद सोमवार को पालिका कार्यालय पहुंचे, जहां पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि प्रदेश के साथ ही क्षेत्र में भी सर्दी का प्रकोप बढ़ रहा है।

## अचल अध्यक्ष तो राहुल बनें महामंत्री

रुद्रपुर : गोकुलधाम संस्कृत योग सेवा संस्थान ने राणा प्रताप इंटर कॉलेज में बैठक का आयोजन किया। इसमें ब्राह्मण महासभा का गठन सर्वसम्मति से किया गया। अचल शर्मा अध्यक्ष, पंडित रामेश्वर दयाल मिश्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हरिकांत पांडे उपाध्यक्ष, राहुल शर्मा महामंत्री, आचार्य गेंदालाल शर्मा निर्जन मंत्री, राधेश्याम पांडे कोषाध्यक्ष, राकेश शर्मा संगठन मंत्री, श्रीनिवास त्रिवेदी प्रचार मंत्री, खीमानंद पांडे मीडिया प्रभारी, राकेश शुक्ला कार्यक्रम प्रमुख, हरिशंकर उपाध्याय संयोजक नियुक्त किए गए। इस दौरान विंध्यवासिनी मिश्रा, प्रदीप शर्मा, नीरज शर्मा आदि उपस्थित रहे। (एजेंसी)

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया

नैनीताल। मकसद संस्था भिकियासैंण के तत्वावधान में मालय की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, सवर्धन एवं विकास हेतु पौराणिक एवं पारम्परिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।बता दें कि मकसद संस्था भिकियासैंण के तत्वावधान में तथा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से हिमालय की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं विकास हेतु कुमायूँ मण्डल नैनीताल में 15 दिवसीय पारम्परिक लोक कलाओं के प्रशिक्षण के उपरांत सोमवार को राजकीय इण्टर कालेज ढिकुली रामनगर जनपद नैनीताल में उत्तराखण्ड के पारम्परिक पोराणिक लोकगीत एवं लोकनृत्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन रामलीला समिति ढिकुली के अध्यक्ष अजय छिमवाल, विशिष्ट अतिथि ललित छिमवाल, बीडीसी मेम्बर श्रीमती खष्टी देवी, ग्राम प्रधान श्रीमती पूनम देवी एवं अतिथि प्रवक्ता दिनेश चन्द्र सिंह रावत, अध्यापिका श्रीमती गीता जोशी, राजकीय इण्टर कालेज ढिकुली रामनगर के प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संस्था की सचिव हेमा बिष्ट ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान स्वच्छ भारत अभियान-एक कदम स्वच्छता की ओर विषय पर परिचर्चा एवं प्रचार प्रसार भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं अतिथियों ने संस्था द्वारा किये जो रहे कार्यक्रमों की प्रशंसा की और इससे हिमालय की सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण, सवर्धन एवं विकास में हमेशा योगदान दे रही मकसद संस्था के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन कर रहे वरिष्ठ उद्घोषक एवं उत्तराखण्ड राज्य गीत के लेखक हेमन्त बिष्ट ने कहा कि हिमालय की विशालता को समझना ही हिमालय का विकास है। हिमालय अनन्तकाल से मानवता को नाना रूपों में सुख-समृद्धि बांटता आ रहा है। हिमालय ने हमें जैव विविधता के साथ सांस्कृतिक विविधता का भी अवदान दिया है। पर्वतों की ढालों पर और नदियों के पवित्र संगमों में ही विद्वानों और ऋषियों की मेधा अनुप्राणित हुई। हिमालय के वनों और हिमालय से निकली नदियों से अनुपणित वन्य प्रदेशों में ही भारतीय संस्कृति के महान ग्रंथों की रचना हुई। उत्तराखण्ड की हिमालयन लोक संस्कृति, गीत संगीत और त्योहार दूर बसे लोगों को आज भी अपनी ओर आकृर्षित करती है। उत्तराखण्ड अपनी लोक संस्कृति को लेकर पूरे देश में प्रसिद्ध है। उत्तराखण्ड के हिमालय क्षेत्र अल्मोडा, नैनीताल, बागेश्वर, पिथौरागढ, चम्पावत आदि हिमालय की पर्वत श्रृंखलाए इस क्षेत्र की सुन्दरता में चार चांद लगाते है।

इस अवसर पर संस्था के कार्यक्रम निर्देशक व सचिव हेमा बिष्ट ने बताया कि बीते 01 से 15 दिसंबर तक पारम्परिक लोक कलाओं का प्रशिक्षण दिया गया। तदोपरांत सोमवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन राजकीय इण्टर कालेज ढिकुली में किया जा रहा है।

# छात्रों ने दूरदर्शी के माध्यम से सूर्य, बृहस्पति, मंगल ग्रह को देखा

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में वर्षभर चलने वाले कार्यकमों के तहत खगोल भौतिकी नभोमंडल, भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से व्याख्यानमाला शुरू हो गई है। इस मौके पर चौरास परिसर स्थित खगोल भौतिकी नभोमंडल में छात्र-छात्राओं को दूरदर्शी के माध्यम से आकाश के विभिन्न ग्रहों जैसे सूर्य, बृहस्पति, मंगल इत्यादि को छात्रों को दिखाया गया।

गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर स्थित एसीएल सभागार में आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम के संयोजक प्रो. हेमवती नंदन ने बताया कि गढ़वाल विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल एवं एरीज के निदेशक डॉ. दीपांकर बनर्जी की पहल पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एरीज के निदेशक डॉ. दीपांकर बनर्जी ने छात्र–छात्राओं को सूर्य के बारे में तथा इसरो द्वारा सूर्य के अध्ययन के लिए भेजे जा रहे आदित्य एल-1 मिशन के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. वीरेंद्र यादव ने हिमालयी क्षेत्रों में बढ़ रहे वायु प्रदूषण एवं अंतरिक्ष के बारे में भी बताया। इस अवसर पर अंतरिक्ष शोध के लिए प्रसिद्ध आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के निदेशक डॉ. दीपांकर बनर्जी एवं वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह और डॉ. वीरेंद्र यादव द्वारा विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए गए। (एजेंसी)

## खाई में गिरा वाहन, चालक की मौत

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : हल्दूखाल से नैनीडांडा शंकरपुर होते हुए रामनगर जा रहा एक वाहन शंकरपुर से पहले क्यार्की प्राथमिक विद्यालय के निकट अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुर्पद कर दिया। शंकरपुर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने की आवाज पर स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस चौकी शंकरपुर को सूचना दी और कई ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। थाना प्रभारी दीपक तिवारी ने बताया कि रविवार देर शाम को शंकरपुर चौकी से कांस्टेबल वीरेंद्र प्रताप की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम आवश्यक उपकरण लेकर मौके पर पहुंची। हादसे में वाहन चालक उमेश उर्फ बंटी (30) पुत्र मनमोहन सिंह, निवासी ग्राम कांडानाला, रिखणीखाल हाल पीरूमदारा, रामनगर, नैनीताल की मौके पर मृत्यु हो गई थी। वाहन में दुर्घटना के समय अन्य कोई भी सवार नहीं था। वाहन लगभग दो सौ मीटर नीचे खाई में गिरा था। रेस्क्यू के बाद शव को सीएचसी नैनीडांडा पहुंचाया गया। नैनीडांडा में पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।


# सीएम ने लिया सोशल मीडिया पर वायरल वीडियों का संज्ञान, दिए जांच के आदेश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : अस्पताल में एक डॉक्टर के नशे में धुत्त होकर तीमरदार और 108 कार्मिक के साथ गलत व्यहार किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियों रविवार का सतपुली अस्पताल का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो का सीएमओ पौड़ी ने संज्ञान लिया है। उन्होंने वायरल वीडियों की जांच के आदेश दिए हैं।

बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो रविवार रात का सतपुली अस्पताल का है। जब 108 सेवा के जरिए किसी मरीज को अस्पताल में लाया गया था। वीडियो में एक चिकित्सक बहस करता हुआ दिखाई दे रहा है। जिसमें 108 सेवा कर्मी यह पूछ रहा है कि मरीज को अस्पताल में भर्ती करवाने के बाद उसे वहां क्यों रुकवा दिया गया। हालांकि संबंधित चिकत्सक यह कह रहा है कि मरीज को रेफर किया जा रहा है, इसलिए रोका गया है। अस्पताल के इस वायरल वीडियो का संज्ञान पौड़ी के मुख्य चिकित्साधिकारी ने लिया है। सीएमओ पौड़ी डा. प्रवीन कुमार ने बताया है कि वीडियो उनके संज्ञान में आ गया है। पूरे मामले में जांच के आदेश दे दिए गए हैं। जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ नियामानुसार का-र्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस मामले की जांच ब्लॉक चिकित्साधिकारी द्वारीखाल को सौंपी गई है।

# जीआईसी श्रीनगर ने जीता वॉलीबॉल प्रतियोगिता का खिताब



श्रीनगर गढ़वाल : श्रीकोट गंगानाली स्टेडियम में खेल कल्याण समिति श्रीकोट गंगानाली की ओर से दो दिवसीय विद्यालयी स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच जीआईसी श्रीनगर व रेनबो पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। जीआईसी श्रीनगर ने रेनबो पब्लिक स्कूल से 2-0 से पराजित कर खिताब बपने नाम किया। प्रतियोगिता में तीन सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी आनन्द देव जीआईसी श्रीनगर को गोल्ड मेडल, आयुष नेगी रेनबो पब्लिक स्कूल को सिल्वर मेडल, हिमांशु राज जीआईसी किलकिलेश्वर को ब्रॉन्ज मेडल देकर समिति द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद श्रीनगर की अध्यक्ष पूनम तिवाड़ी के प्रतिनिधि के रूप में सभासद विनोद मैंठाणी ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान खेल कल्याण समिति द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतने वाले पॉवर लिफ्टर आर्यन कंडारी व देवांश नौटियाल तथा अन्तर्राष्ट्रीय वालीबॉल खिलाड़ी/कोच श्रीमती शिव चौधरी को सम्मानित किया गया। समिति के संस्थापक संजय फौजी ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने से ही युवाओं को बढ़ते नशे से बचाया जा सकता है। इसी मुहिम के चलते समिति विभिन्न खेलों को खेलने के लिए खिलाड़ियों को खेल सामग्री देने के साथ साथ खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी कराती है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अनिल स्वामी, वीरेंद्र सिंह नेगी, मदन गडोई तथा निर्णायक की भूमिका में प्रवीण कुमार, अंकित रावत, विनय किमोंठी, कमलेश प्रसाद थपलियाल, दिवान रावत, अजय प्रताप सिंह, शेखर नेगी रहे। कार्यक्रम में लाल सिंह नेगी राजेश जुगराण, सुशील बिष्ट, बृजमोहन मेवाड़, प्रदीप चमोली, श्रीकांत, भूपेंद्र सिंह, संजीव कुमार, अतुल चोपड़ा, राहुल वर्मा, माया राम आदि उपस्थित रहे।

# चक्रव्यूह का किया शानदार मंचन

रुद्रप्रयाग : विकासखंड जखोली की सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत खोड़ में पांडव लीला समिति के सौजन्य से चक्रव्यूह का शानदार मंचन किया गया, जिसमें अर्जून पुत्र अभ्युमन्यु का कौरव सेना द्वारा छलकट से वध करने का शानदार मंचन किया गया।

रविवार को पांडव लीला समिति खोड़ बांगर द्वारा आयोजित महाभारतकालीन चक्र व्यूह के आयोजन में गुरु द्रोणाचार्य द्वारा रचित चक्र व्यूह में वीर अभिमन्यु ने कौरव सेना का डट कर मुकाबला करते हुए सातवें द्वारा पर वीर गति को प्राप्त हो गया, कलाकारों द्वारा महाभारत कालीन विधा का शानदार मंचन किया। इस दौरान दूर दराज से आए ग्रामीणों ने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए पांडव पश्वागणों से आशीर्वाद मांगा।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्र पंचायत प्रमुख प्रदीप थपलियाल ने रिबन काट कर लीला का शुभारंभ करते हुए कहा कि क्षेत्र में धार्मिक व पौराणिक संस्कृति के आयोजन से जहां हमारी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक होता है, वहीं इस प्रकार के आयोजन से गांव में मेल मिलाप व आपसी भाईचारा और समृद्धि के साथ साथ खुशहाली का वातावरण पैदा होता है। उन्होंने युवाओं व महिलाओं से क्षेत्र के विकास में एकजुट होकर आगे आने का आह्वान किया है। इस अवसर पर प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र भण्डारी, प्रधान खोड़ प्रदीप राणा, ग्राम पंचायत अध्यक्ष हुक्म सिंह भंडारी, युवक मंगल दल अध्यक्ष अवतार सिंह राणा, पांडव लीला समिति अध्यक्ष छोटा सिंह राणा, निर्देशक चतर सिंह भंडारी, चक्र व्यूह मंचन के अध्यक्ष मातबर सिंह राणा सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। (एजेंसी)

## अवशेष देयकों का भुगतान कराने की लगाई गुहार

श्रीनगर गढ़वाल : पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन पौड़ी के पूर्व जिलाध्यक्ष चंदन सिंह चौहान ने शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत से विकासखंड कोट के प्राथमिक विद्यालय नौगांव पाली के सहायक अध्यापक स्व. मेहरबान सिंह बिष्ट के अवशेष देयकों का भुगतान कराए जाने की मांग की है।

इस संदर्भ में मंत्री को दिए ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि उनके परिजनों की ओर से भी इस संदर्भ में पूर्व में गुहार लगाई गई थी। बावजूद अभी तक उन्हें अवशेष देयकों का भुगतान नहीं किया गया। उन्होंने मंत्री से तत्काल इस संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। (एजेंसी)

## हितेश ने किया गांव और प्रदेश का नाम रोशन

चमोली : विकासखंड देवाल के दूरस्थ गांव देवस्थली के 30 वर्षीय युवक हितेश कुनियाल ने अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाते हुए अपने गांव और प्रदेश का नाम रोशन किया।

स्थानीय लोगों ने हितेश को बधाई दी है। अल्ट्रा रनर हितेश ने 18 दिसंबर को गुड़गांव के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में हुए 12 घंटे की दौड़ में 40 प्रतिभागियों में चौथा स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर ट्रैक के चक्कर लगाते हुए हितेश ने 108 किलोमीटर पूरे किये। पिछले वर्ष चंडीगढ़ में हुए 100 किलोमीटर दौड़ को पूरा करने के बाद हितेश ने टफ मैन की उपाधि हासिल कर ली थी। (एजेंसी)

# पौड़ी में अध्यक्ष सहित 6 पदों के लिए बिके 11 नामांकन पत्र

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में सोमवार को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि सहित 6 पदों के लिए 11 फार्म बिके। मंगलवार को नामांकन, बुधवार को नाम वापसी होगी। छात्र संघ चुनावों के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि सहित 6 पदों पर आगामी 24 दिसंबर को चुनाव होना है।प्राचार्य रेनू बंसल ने बताया कि चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। छात्रसंघ चुनावों को लेकर प्राचार्य डा. रेनू रानी बसंल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें छात्र संघ चुनावों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही चुनावों को लेकर आचार संहिता के बारे में भी जानकारी दी गई। छात्र आचार संहिता पालन करें नियमों के दायरे में रहकर ही चुनाव प्रचार-प्रसार करेंगे। इस मौके पर चुनाव अधिकारी डा. विकास प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार को अध्यक्ष के लिए 2, उपाध्यक्ष के लिए 2, सचिव के लिए 2, सह सचिव के लिए 2 व कोषाध्यक्ष के लिए भी 2 नामांकन पत्रों के सहित 1 नामांकन पत्र विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री हुई।

कोषाध्यक्ष पद छात्रा के लिए आरक्षित पद है। बैठक में डा. जेसी भट्ट, छात्रसंघ चुनाव प्रभारी डा. विकास प्रताप सिंह, डा. विवेक रावत, डा. नीरज असवाल, डा. निर्मिला रावत, डा. डी. मेहता, डा. अराधना सिंह, डा. विक्रम रौतेला, डा. चंद्र कांत तिवारी, डा. छाया सिंह आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम पर लगाया मनमानी का आरोप, डीएम से की हटाने की मांग

नई टिहरी : प्रतापनगर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम प्रतापनगर पर मनमानी का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग डीएम से की है। जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने इस बावत डीएम को ज्ञापन भी सौंपा। उन्होंने मांग पर एक हफ्ते में कार्रवाई न होने पर जनांदोलन और आमरण अनशन की चेतावनी दी है। सोमवार को प्रतापनगर क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने ग्राम प्रधान भेलुंता निदेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में डीएम डॉ. सौरभ गहरवार से मुलाकात कर प्रतापनगर में तैनात एसडीएम को तत्काल हटाने की मांग की है। प्रधान जोशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रतापनगर एसडीएम क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर जनप्रतिनिधियों और आम जनता के साथ मनमाना रवैया अपनाए हुए हैं, जिससे विकास योजनाएं धरातल पर नहीं उतर पा रही हैं। कहा कि बीते दो माह पूर्व जनता दर्शन कार्यक्रम में भी क्षेत्रीय लोगों ने एसडीएम को हटाने को लेकर ज्ञापन दिया था, लेकिन जिला कार्यालय की ओर से मांग पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम को एक सप्ताह में न हटाए जाने पर जिला मुख्यालय में उग्र जनांदोलन तथा आमरण अनशन की चेतावनी दी है। ज्ञापन देने वालों में प्रधान गजेंद्र रावत, चंद्र मोहन आर्य, रिकेश्वर भट्ट, दुर्गा भट्ट, त्रेपन रौतेला, नीरज रावत, हर्षमणि डिमरी, प्रदीप शाह, विक्रोधर बिष्ट, द्वारिका सिंह, खुशहाल सिंह मिश्रवाण, पुरुषोत्तम पंवार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## विहिप और बजरंग दल ने मनाया शौर्य दिवस

हरिद्वार। हरिद्वार में विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर शौर्य दिवस मनाया। 6 दिसंबर 1992 को कारसेवकों ने बाबरी मस्जिद का ढांचा ढहा दिया था। बजरंग दल के कार्यकर्ता 6 दिसंबर को शौर्य दिवस के रूप में पिछले कई सालों से मानते आ रहा है। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज धनौरिया ने कहा कि बजरंग दल अपनी बहन, बेटियों, गो और गंगा के लिए सेवा सुरक्षा संस्कार भाव से काम करते हैं।

# छात्र संघ चुनाव : सतपुली महाविद्यालय में बिके 11 नामांकन पत्र

**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : राजकीय महाविद्यालय सतपुली में छात्र संघ चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है। सोमवार को छात्र संघ चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू हो गई है। वहीं 24 दिसंबर को छात्रसंघ चुनाव के लिए मतदान होगा और परिणामों की घोषणा की जाएगी।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को अध्यक्ष, यूआर, सचिव, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं सह सचिव पद के लिए 11 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। जिसमे अध्यक्ष के लिए 2, यूआर लिए 3, सचिव के लिए 2, उपाध्यक्ष के लिए 2, कोषाध्यक्ष एवं सह सचिव पद के लिए 1-1 फार्मों की बिक्री हुई।

उन्होंने बताया कि छात्र संघ चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिसके तहत 19 दिसंबर को नामांकन पत्रों की बिक्री की गई। 20 दिसंबर को नामांकन दाखिल किया जाएगा, 21 दिसंबर को नाम वापसी की तिथि घोषित की गई है। 21 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी तथा वैद्य प्रत्याशी की घोषणा की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान 24 दिसंबर को प्रातः 8 से दोपहर 1 बजे तक होगा, मतगणना 2 बजे की से जाएगी तथा 24 दिसंबर को ही चुनाव परिणामों की घोषणा कर शपथ ग्रहण किया जाएगा।

# सहयोग के बिना शैक्षिक उद्देश्य की प्राप्ति संभव नहीं

उत्तरकाशी : विकासखण्ड के राउप्रा विद्यालय में समग्र शिक्षा के अंतर्गत एसएमसी की तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। इस दौरान शिक्षा के उद्देश्य प्राप्ति, समग्र शिक्षा के उद्देश्य तथा अभिभावक की भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई।

पुरोला के चन्देली न्याय पंचायत के अंतर्गत पुजेली, खलाड़ी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रथम दिवस शिक्षा में शिक्षा के उन्नयन के लिए विद्यालय के महत्व के साथ ही समुदाय के महत्व पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि अभिभावक एवं समुदाय के सहयोग के बिना किसी भी शैक्षिक उद्देश्य की प्राप्ति संभव नहीं है। इस अवसर पर समग्र शिक्षा के उद्देश्य एवं हस्तक्षेप पर एसएमसी के साथ चर्चा, शिक्षा का अधिनियम 2009 के मुख्य प्रविधानों पर चर्चा, बाल अधिकार और बाल संरक्षण पर चर्चा विचार-विमर्श व शिक्षा में समुदाय की सहभागिता, उपयोगिता व सामाजिक सम्परीक्षा के महत्व व क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रभूषण बिजल्वाण ने कहा कि एसएमसी प्रशिक्षण के अवसर पर विभिन्न विधालयों से आये अध्यक्ष सचिव एवं सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर जगदीश नौटियाल, मन मोहन सजवाण, प्रधानाध्यापक चन्द्रभूषण बिजल्वाण, रघुवीर रावत, सुमित्रा, सूर्या, मीना देवी, सरस्वती चौहान आदि थे। (एजेंसी)

## उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए समिति गठित

उत्तरकाशी : नगर परिक्षेत्र में खाद्य सामग्री की कालाबाजारी सहित सार्वजनिक वितरण प्रणाली को लेकर नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड़ की ओर से उपभोक्ताओं को जागरूक करने तथा उनके हितों की रक्षा करने के लिए आठ सदस्यीय एक समिति का गठन किया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष बीना बिष्ट ने बताया कि नगर पालिका की ओर से एक सतर्कता समिति का गठन किया है, जो नगर क्षेत्र में राशन सामग्री के वितरण और कालाबाजारी पर नजर रखेगी। कहा कि नगर क्षेत्र में राशन की कालाबाजारी को लेकर लगातार शिकायत मिल रही थी। जिस देखते हुए सरकार ने यह नई व्यवस्था लागू की है।

# विवाद में दो पक्षों में चले लाठी—डंडे

हरिद्वार। श्यामपुर क्षेत्र में मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में जमकर लाठी डंडे चले। मारपीट में दोनों ही पक्ष के लोगों को चोटें आई हैं। पुलिस ने इस संबंध में क्रास मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत में कामनी निवासी गांव गाजीवाली बताया कि गांव के ही निवासी पन्नेलाल, प्रवीन पाल उसके घर घुस आए। आरोप है कि उन्होंने गाली गलौज करते हुए उस पर लाठी–डंडों से हमला बोल दिया। उसके पति पुष्पेंद्र की बुरी तरह पिटाई करते हुए हत्या की धमकी दी गई। पीड़िता की शिकायत पर पन्नेलाल, प्रवीन, किरण, ऋषिपाल, अंकुश पाल, दीपा पुरुषोत्तम, रोहित पाल, मंजू के खिलाफ प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। उधर, किरन पाल ने मुकदमा दर्ज कराया कि पुष्पेंद्र ने अपने साथियों सचिन, सचिनपाल, अंकित, दीपक के साथ मिलकर उसके भाई ऋषिपाल पर लाठी डंडे से हमला बोल दिया। आरोप है कि लोहे की रॉड से हमला कर उसे घायल कर दिया। आरोप है कि किरन के साथ भी मारपीट करते हुए उसका सिर फाड़ दिया गया। एसओ विनोद थपलियाल ने बताया कि इस संबंध में क्रॉस मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## कार्यशाला में उद्यमियों को दी जानकारी

रुद्रप्रयाग : मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में ईज ऑफ डुइंग बिजनेस व ईज ऑफ लीविंग कार्यक्रम को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में विभिन्न विभागीय अधिकारियों व स्थानीय उद्यमियों द्वारा प्रतिभाग किया। इस मौके पर महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र एचसी हटवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों पर सोमवार को एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि सोमवार को जनपद स्तर पर यूजर फीडबैक डाटा में सुधार कार्यक्रम के चलते ईज ऑफ डुइंग बिजनेस ईओडीबी व ईज ऑफ लीविंग ईओएल के लिए आयोजित कार्यशाला में प्रोजेक्ट मैनेजर जयदीप वर्मा, अंकिता द्विवेदी व नितीश कुमार द्वारा जानकारी दी गई।

## राज्य आंदोलनकारी मंथरा पंत के निधन पर जताया शोक

देहरादून। वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी मातृ शक्ति मंथरा पंत (89) का अस्कमात निधन होने पर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच ने शोक जताया है। प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप कुकरेती के मुताबिक वह कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। उनके पति का पहले ही निधन हो चुका था। सोमवार को अन्तिम संस्कार के लिए उनके आवास दिव्य विहार अंबीवाला से हरिद्वार ले जाया गया। उन्होंने बताया कि पृथक उत्तराखण्ड राज्य आंदोलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। वह धरना प्रदर्शन, बन्द–चक्का जाम, जलूस प्रदर्शन से लेकर जेल भरो आंदोलन में हमेशा आगे रही। वह संयुक्त संघर्ष समिति में रणजीत सिंह वर्मा व सुशीला बलूनी के साथ हमेशा संघर्षरत रही। वह महिलाओं के समूह के साथ ऑर्डिनेंस फैक्ट्री, आईआरडीई, डील, ओएनजीसी., पोस्ट आफिस जैसे संस्थानों को बन्द कराने व भूख हड़ताल में पीछे नहीं रही। आंदोलन के दौरान वह घायल भी हुई। उनके निधन की खबर सुनकर सभी राज्य आंदोलनकारियों में शोक की लहर है। वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी व पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष सुशीला बलूनी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गीता बिष्ट, सत्या पोखरियाल, राज्य आंदोलनकारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी, महासचिव रामलाल खंडूड़ी, रविन्द्र जुगरान, ओमी उनियाल आदि ने कहा कि जब भी पुलिस लाठीचार्ज करती तो वह उनके आगे आ जाती। उन पर लाठी न लगे तो स्वयं उपर लेट जाती थी। शोक व्यक्त करने वालों में केशव उनियाल, सुलोचना भट्ट, भूमा रावत, वेदा कोठारी, राधा तिवारी, नवनीत गुसाईं, जबर सिंह पावेल, मुन्नी खंडूड़ी, बीर सिंह रावत, शकुन्तला रावत, बीर सिंह, मोहन रावत, जयदीप सकलानी, सतेन्द्र भण्डारी, राजेश पांथरी, सुरेश नेगी, विरेन्द्र सकलानी, गणेश डंगवाल, सुशील त्यागी, सुमित थापा, अरुणा थपलियाल, संदीप गुप्ता, विनोद असवाल, सतेन्द्र नोगाईं, संतन सिंह रावत, राजेश्वरी नेगी, गीता बिष्ट, प्रमिला रावत, सुलोचना गुसाईं, प्रभा नैथानी, भुवनेश्वरी नेगी, शकुंतला नेगी, कैलाश ध्यानी आदि शामिल थे।

# क्रिकेट टूर्नामेंट मे सचिवालय विंग्स और हरिकेन की शानदार जीत

देहरादून। अंतर सचिवालय क्रिकेट टूर्नामेंट–2022 में सचिवालय विंग्स और हरिकेन ने जीत दर्ज की। महेश गोसाईं और फाजिल को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट ग्राउंड पर सोमवार को दो मुकाबले हुए। पहला मैच सचिवालय विंग्स और सचिवालय लायंस के बीच खेला गया। विंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट के नुकसान पर 229 रन बनाए।

नवीन ने 25 गेंदों में 67 रन, सुंदर ने 44 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सचिवालय लायंस 18 ओवरों में 105 रनों पर ढेर हो गई। दूसरे मैच में सचिवालय हरिकेन और सचिवालय ईगल के बीच भिडंत हुई। ईगल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। टीम 12 ओवरों में 42 रनों पर ढेर हो गई।

सचिवालय हरिकेन की ओर से फाजिल ने पांच विकेट और सुनील ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सचिवालय हरिकेन ने 4.1 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया।

## बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में सुमित ने पाया तीसरा स्थान

हरिद्वार। यूपी के ग्रेटर नोएडा में हुई बॉडी बिल्डिंग एवं फिटनेस नेशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में हरिद्वार के सुमित शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

सुमित शर्मा ने प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर उत्तराखंड और हरिद्वार शहर का नाम रोशन किया है। उत्तर प्रदेश के नोएडा में हुई राष्ट्रीय स्तर की बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में अलग–अलग राज्यों के बॉडी बिल्डर्स ने प्रतिभाग किया।

# नशे के खिलाफ निकाली जागरुकता रैली

हरिद्वार। नशे के खिलाफ सोमवार को पुलिस और प्रशासन ने शहरभर में जागरूकता रैली निकाली। जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय और एसएसपी अजय सिंह ने जन–जागरुकता विशाल रैली एवं झांकियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डीएम और एसएसपी भी रैली में पैदल मार्च करते कर नशे के विरूद्ध लोगों को जागरुक किया और स्कूली बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया। रेलवे स्टेशन से शुरू हुई रैली देवपुरा, ऋषिकुल, पुराना रानीपुर मोड़, रानीपुर मोड़, भगत सिंह चौक पर पहुंची।जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय ने कहा कि वर्ष 2025 तक इस देवभूमि को नशा मुक्त करने के लिये हमने एक संकल्प लिया है। इसी कड़ी में पुलिस व प्रशासन ने नशे के विरूद्ध एक जबरदस्त अभियान छेड़ रखा है। उन्होंने कहा कि नशे के प्रचलन को रोकने के लिए सबसे बड़ा आवश्यक कदम जन–जागरुकता है।इस मौके पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के बच्चों आदि ने नुक्कड़ नाटक, स्लोगन, लघु नाटिका, गीत आदि के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव के प्रति लोगों को सचेत और जागरुक किया। झांकियों में देव सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जगजीतपुर, पार्थ सारथी पब्लिक स्कूल, डीपीएस भेल रानीपुर, एचीवर्स होम पब्लिक स्कूल जगजीतपुर, जीजीएचएसएस दक्ष कनखल, सरस्वती विद्या मन्दिर मायापुर आदि स्कूलों के बच्चों ने बढ़चढ़कर भाग लिया।

## जेआरएफ में 54वीं रैंक प्राप्त करने पर पूर्व छात्र सम्मानित

हरिद्वार। एसएमजेएन पीजी कॉलेज के पूर्व छात्र विशाल कुमार ने जेआरएफ (गणित विषय) में आल इंडिया 54वीं रैंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। कॉलेज प्रबंध समिति एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत रविन्द्र पुरी ने पूर्व छात्र को मेडल, प्रशस्ति पत्र तथा नगद धनराशि देकर सम्मानित किया गया।

वहीं महंत रविन्द्र पुरी ने हरिद्वार शहर में आठ माह के बच्चे की चोरी में मामले में तत्परता दिखाते हुए प्रशासन की मदद तथा बच्चे की सकुशल बरामदगी में अहम भूमिका निभाने वाले पत्रकार नरेश तोमर तथा हर्ष तिवारी को कॉलेज परिवार की ओर से प्रशस्ति पत्र तथा नक़द धनराशि देकर सम्मानित किया।

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम रविन्द्र सिंह से बदलकर रविन्द्र सिंह रावत कर लिया है। भविष्य में मुझे रविन्द्र सिंह रावत पुत्र श्री गंगा सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**पता बलभद्रपुर, भंडारी कॉलोनी, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**
(0754/25)


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

रेलवे बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार मुरादाबाद मंडल में दलपतपुर रेलवे स्टेशन पर / उसके पास गति शक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल के विकास के लिए निविदा आमंत्रित करने की सूचना [illegible] प्रकाशित की है।

| क्र. सं. | स्टेशन | प्रोजेक्ट कॉस्ट | अर्नेस्ट मनी डिपाजिट | कॉस्ट ऑफ टेंडर डॉक्यूमेंट GST सहित | प्री बिड कांफ्रेंस डेट एवं टाइम | निविदा पत्र जमा करने की तारिख व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Dalpatpur (DLP) | Rs.26,26,37,806.00 | Rs.2,82,63,800 | Rs. 11,800 | 20.12.2022 at 11:00 am | 24.01.2023 at 15:00 hrs. |

3379/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सम्पादकीय

# स्वास्थ्य सेवाओं को पलीता

उत्तराखंड की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर यूं तो पहले से ही कई विवाद उत्पन्न होते आए हैं लेकिन इस बार विभिन्न सरकारी अस्पतालों में तैनात किए गए एमबीबीएस चिकित्सकों की तैनाती को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। असल में शासन की ओर से सरकारी मेडिकल कलेजों से डिग्री लेकर निकले चिकित्सकों को अनुबंध के आधार पर विभिन्न स्थानों पर अपनी सेवाएं देनी थी। अनुबंध के बावजूद इनमें से कई चिकित्सक ड्यूटी देने ही नहीं पहुंचे और जब विभाग को इन लोगों की भनक लगी तो इनके खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें लगातार अनुपस्थित चल रहे 61 चिकित्सकों की सेवाएं समाप्त कर दी गई जिनमें 18 अनुबंधित चिकित्सक भी शामिल थे जो कि दूसरे मेडिकल कलेजों से उत्तराखंड स्वास्थ्य सेवा द्वारा तैनात किए गए थे। स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सकों को नोटिस जरी किए हैं और यह भी तय किया है कि शर्तों का उल्लंघन करने की स्थिति में इन लोगों से धनराशि भ वसूली जाएगी। उत्तराखंड के पर्वतीय एवं मैदानी स्थानों पर उचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने मेडिकल कलेजों से पास आउट हुए चिकित्सकों को तैनाती आती थी। इनमें अधिकांश पर्वतीय व दुर्गम स्थलों के लिए किए गए थे लेकिन उत्तराखंड की हमेशा से ही यह विडंबना रही है कि यहां पर्वतीय क्षेत्रों में कोई सेवा देने के लिए तैयार नहीं रहता। फिर वह चाहे अध्यापक हो इंजीनियर हो या फिर पुलिस वाले या चिकित्सकों पूर्णविराम स्वास्थ्य विभाग से यह ऐसा मामला पहली बार सामने नहीं आया है बल्कि इससे पूर्व अनुभव करने के बावजूद कई चिकित्सक दुर्गम स्थलों पर तैनाती है देने ही नहीं पहुंचे। कहीं ना कहीं यह पूरी तरह से राज्य सरकार की कमजोरी है क्योंकि सरकारी कोटे पर मेडिकल की सीट देने के बावजूद आए दिन चिकित्सकों द्वारा शर्तों का उल्लंघन किया जाता है। पूर्व के मामलों में भी राज्य सरकार द्वारा शर्तों का उल्लंघन करने वाले चिकित्सकों के खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई की गई हो ऐसा कभी भी नजर नहीं आया। यदि पूर्व में सरकार की ओर से ऐसे चिकित्सकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए इनकी डिग्री को रद्द किया जाता तो यह स्थितियां देखने को नहीं मिलती। उत्तराखंड के पर्वतीय व दुर्गम क्षेत्रों में पहले से ही स्वास्थ्य सेवाओं का काफी छूटा है और इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार इन स्थानों पर नए चिकित्सकों को भेजती है। लेकिन मैदानी क्षेत्रों में नौकरी करने का मोह पालने वाले कर्मचारियों को पर्वती क्षेत्र रास नहीं आते। सरकार की ओर से बनाई गई सेवा नीतियों को आए दिन कर्मचारी हवा में उड़ाते हैं और कहीं ना कहीं इसमें राज्य सरकार द्वारा कोई बड़ी कार्यवाही ना करना भी एक बड़ा कारण माना जा सकता है। राज्य सरकार को इस दिशा में अब काफी गंभीर होने की जरूरत है क्योंकि जब तक कड़े दंड का भय नहीं होगा तब तक राज्य के लोगों के साथ न्याय होता नजर नहीं आएगा। सरकारी मेडिकल सीटों पर डिग्री लेने वाले चिकित्सकों के लिए कुछ वर्षों की सेवा पर्वतीय और दुर्गम क्षेत्रों में करना अनिवार्य होता है लेकिन अभाव में कौन रहना चाहता है शायद यही स्थिति को लेकर चिकित्सक पहाड़ों पर नहीं जाना चाहते। उत्तराखंड सरकार को स्वास्थ्य सेवा नियमावली में व्यापक परिवर्तन करने की जरूरत है क्योंकि कम फीस में मेडिकल करने के बाद भी यदि उत्तराखंड के लोगों को इसका लाभ नहीं मिलता है तो यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है।

**अमेरिका का वर्तमान चीन विरोध शीत युद्ध के माहौल से अलग है। 1950 से 1972 तक विरोध वैचारिक था, साम्यवाद और पूंजीवाद के बीच वर्चस्व की लड़ाई थी, लेकिन 2016 से 2020 के बीच का द्वंद्व अस्तित्व की जद्दोजहद है। अमेरिका किसी भी कीमत पर चीन को दुनिया का मठाधीश बनते नहीं देख सकती, उसके लिए वह किसी हद तक जाने के लिए तैयार है। अमेरिका की इस सोच को अगर कोई भी देश सार्थक मदद देने की स्थिति में है, तो वह भारत है। भारत की भी अपनी जरूरतें हैं चीन को कमजोर करने में। कोरोना ने ऐसी भू-राजनीतिक स्थिति पैदा कर दी है, जिसमें चीन की रफ्तार न केवल रोकी जा सकती है, बल्कि तोड़ा भी जा सकता है, और उसके लिए तिब्बत से बेहतरीन और कोई विषय नहीं हो सकता। दशकों से चली आ रही आतंक और अलगाववाद की समस्या थम जाएगी, पड़ोसी देशो में भी भारत की धाक बढ़ जाएगी। कूटनीति में समय-परिस्थिति की अहम भूमिका होती है, अगर तीर सही समय पर कमान से नहीं निकला तो खुद के लिए भी घातक बन सकता है।**

# चीन की बेचैनी और तवांग

**प्रो.सतीश कुमार**



तवांग के मुद्दे को दो तरह से देखा जा सकता है। पहला, चीन के अंदरूनी हालात बहुत ठीक नहीं हैं। राष्ट्रपति शी जिनपिंग की राजनीतिक किश्ती भंवर में फंसी हुई दिख रही है।उनकी मंशा आनन फानन में अपनी राजनीतिक हैसियत को माओ त्से तुंग, जो चीन में साम्यवादी व्यवस्था के सस्थापक थे, के बराबर लाकर खड़ा करने की है। जबकि सच्चाई यह है कि चीन का आर्थिक ढांचा 2013 के बाद से निरंतर लुढ़कता हुआ दिख रहा है। कूटनीतिक चुनौती ताइवान और जापान की तरफ से ज्यादा सख्त है। कोरोना के आघात से चोटिल चीन की साम्यवादी व्यवस्था लोगों के क्रोध का कोप भी झेल रही है। ऐसे मौके पर पड़ोसी देशों से संघर्ष की बातें लोगों को भ्रमित करती हैं। चीन की इस दलील को नकारा नहीं जा सकता कि गलवान संघर्ष के बाद चीन ने तवांग को निशाना बनाया। दूसरा, चीन हर समय देखना चाहता है कि भारत की सैन्य और राजनीतिक व्यवस्था कितनी सजग और मजबूत है। दोकलाम, गलवान पुनरू तवांग उसी सिद्धांत की पुष्टि करता है। चीन युद्ध नहीं करना चाहता है, लेकिन यह जरूर जानना चाहता है कि भारत किस हद तक तैयार है ?

भारत-चीन की सेना के बीच अरु णाचल प्रदेश के तवांग में हुई झड़प का मुद्दा देश की संसद तक पहुंच गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व गृह मंत्री अमित शाह ने तवांग संघर्ष पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। इस बीच चीनी विदेश मंत्रालय ने तवांग संघर्ष पर बयान दिया। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनिबन ने कहा कि भारत के साथ सीमा पर स्थिति शस्थिर है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनिबन ने कहा कि भारत-चीन सीमा पर हालात कुछ दिनों के बाद फिर से सामान्य हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पर दोनों पक्षों के सैनिकों के बीच झड़प हुई थी। भारत के तवांग सेक्टर में शुक्रवार को आमने-सामने हुई झड़प में दोनों पक्षों के जवानों को चोटें भी आई हैं। हालांकि, वांग ने अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर के यांग्त्से क्षेत्र में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच 9 दिसंबर को हुए संघर्ष के बारे में जानकारी देने से इनकार कर दिया। भारतीय वायु सेना की पूर्वोत्तर में मजबूत उपस्थिति है, और असम के तेजपुर और छाबुआ सहित कई स्थानों पर सुखोई-30 लड़ाकू विमान तैनात हैं। राफेल लड़ाकू विमानों को पश्चिम बंगाल के हाशिमारा में तैनात किया गया है। चीनी सेना की निगाहें एलएसी पर रही हैं, लेकिन अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले को लेकर उसका मंसूबा बार-बार सामने आता रहा है। 1962 के युद्ध के समय चीन ने भारत के पूर्वोत्तर हिस्से में अपने सैनिकों के बड़े जत्थे से तवांग के रास्ते असम तक घुसपैठ करवाई थी। कुछ समय के लिए तवांग चीन के कब्जे में रहा था। अक्टूबर, 2021 में चीन के दो सौ सैनिकों का एक दल तवांग स्थित भारत-चीन-भूटान सीमा के पास भारतीय गांव में घुस आया था, जिसे बाद में भारतीय सैनिकों ने खदेड़ा था। इस बार भी चीनी सेना के मंसूबे कुछ ऐसे ही थे लेकिन भारतीय सैनिकों के सामने एक बार फिर चीनी सेना को मुंह की खानी पड़ी।

अमेरिका का वर्तमान चीन विरोध शीत युद्ध के माहौल से अलग है। 1950 से 1972 तक विरोध वैचारिक था, साम्यवाद और पूंजीवाद के बीच वर्चस्व की लड़ाई थी, लेकिन 2016 से 2020 के बीच का द्वंद्व अस्तित्व की जद्दोजहद है। अमेरिका किसी भी कीमत पर चीन को दुनिया का मठाधीश बनते नहीं देख सकती, उसके लिए वह किसी हद तक जाने के लिए तैयार है। अमेरिका की इस सोच को अगर कोई भी देश सार्थक मदद देने की स्थिति में है, तो वह भारत है। भारत की भी अपनी जरूरतें हैं चीन को कमजोर करने में। कोरोना ने ऐसी भू-राजनीतिक स्थिति पैदा कर दी है, जिसमें चीन की रफ्तार न केवल रोकी जा सकती है, बल्कि तोड़ा भी जा सकता है, और उसके लिए तिब्बत से बेहतरीन और कोई विषय नहीं हो सकता। दशकों से चली आ रही आतंक और अलगाववाद की समस्या थम जाएगी, पड़ोसी देशो में भी भारत की धाक बढ़ जाएगी। कूटनीति में समय-परिस्थिति की अहम भूमिका होती है, अगर तीर सही समय पर कमान से नहीं निकला तो खुद के लिए भी घातक बन सकता है।

चीन की साख निरंतर विवाद के घेरे में है। 2013 के बाद से चीन की आर्थिक रफ्तार धीमी हुई है। पिछले कुछ महीनों में कुछ देशों ने चीन के विरु द्ध मुहीम भी शुरू कर दी है। जर्मनी ने चीन की 2 सफ्टवेयर कंपनी प्रतिबंधित कर दी हैं। जबूती, जो अफ्रीका का छोटा सा देश है, चीन के कर्ज के भार से दम तोड़ रहा है और उसने चीनी कर्ज नहीं लौटाने का फैसला किया है।

जापान और ताइवान चीन के साथ मुठभेड़ की स्थिति में दिख रहे हैं। पश्चिमी दुनिया चीन के विरोध में गोलबंद हो गई है। लेकिन चीन को मालूम है कि असली मुकाबला तो भारत के साथ होना है। इसलिए भी कि 21 शताब्दी को एशियाई शताब्दी के रूप में जाना जा रहा है। भारत कूटनीति धारदार हुई है। रूस-यूक्रेन युद्ध में अगर किसी देश की बात को सबसे ज्यादा अहमियत दी गई है, तो ये भारत के प्रधानमंत्री के शब्द थे। भारत अमेरिका का साथ नहीं देते हुए भी अमेरिकी समीकरण का सबसे मुख्य हिस्सा बना हुआ है। रूस की युद्ध नीति के विरोध के बावजूद भारत-रूस संबंध मजबूत बनते गए। यह सब कुछ चीन की आंखों में किरकिरी के सामान था। चीन अपने एकमुश्त आर्थिक जाल के जरिए सामरिक समीकरण की बिसात बिछाने में फेल प्रतीत हो रहा है।

इसलिए आनन फानन में चीन ने गलवान के साथ तवांग को भी विवाद के घेरे में खड़ा कर दिया है। चीन की हठधर्मिता सम्भवतरू जारी रहेगी क्योंकि उसे लगता है कि भारत के साथ युद्ध जैसी स्थिति पैदा करके वह अपने खिलाफ बन रहे समीकरण को तोड़ देगा, या इसे बनने नहीं देगा। लेकिन उसके दुश्मन एक नहीं, बल्कि हर मुहाने पर खड़े हैं। दक्षिण चीन सागर पर चीन के पड़ोसी देश वर्षो से डंक के साथ तैयार हैं। उन्हें केवल समर्थन की जरूरत है। ताइवान ने विगुल पहले ही बजा दिया है। कोरोना महामारी के बाद से यूरोप पूरी तरह से चीन के विरोध में है। चीन भारत के साथ संघर्ष की स्थिति पैदा करके अपनी मुसीबत को बड़ा कर रहा है जबकि उसकी अंदरूनी स्थिति प्रतिकूल है। ऐसे हालात में भारत के साथ दुश्मनी उसे महंगी पड़ेगी। चुनौती भारत के लिए भी है, लेकिन भारत दुनिया की नजरों में और सामरिक ढंग से मजबूत हालत में है।

# रूम फ्रेशनर घर पर भी आसानी से किए जा सकते हैं तैयार, जानिए 5 तरीके

आजकल घर महकाने के लिए रूम फ्रेशनर का चलन बढ़ गया है। ऐसे में बाजार में कई तरह के रूम फ्रेशनर्स मौजूद हैं, लेकिन ज्यादातर हानिकारक केमिकल्स युक्त होते हैं। इन केमिकल्स के संपर्क में आने से एलर्जी या अस्थमा होने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में इन परेशानियों से बचने के लिए आप घर पर भी बड़ी आसानी से रूम फ्रेशनर्स तैयार कर सकते हैं। आइए आज पांच तरह के रूम फ्रेशनर बनाने के तरीके जानते हैं।

**साइट्रस मिंट रूम फ्रेशनर**

ताजगी भरी सुगंध से भरपूर यह रूम फ्रेशनर घर के वातावरण को शांतिपूर्ण बनाने के साथ अच्छी महकाने में मदद्गार हो सकता है। इसे बनाने के लिए पानी, वनिला एक्सट्रेक्ट, वाइल्ड अरेंज एसेंशियल अयल और पेपरमिंट एसेंशियल अयल को एक साथ मिला लें। उसके बाद इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में भरें और अच्छी तरह से मिलाने के बाद पूरे घर में छिड़क दें। कुछ ही देर में पूरा घर महक जाएगा।

**सिरका रूम फ्रेशनर**

हल्के कीटाणुनाशक गुणों से भरपूर सिरका घर से दुर्गन्ध दूर करने के साथ हवा को ताजा और स्वच्छ बनाने में बेहद प्रभावी हो सकता है। यह हवा से हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करने में भी मदद कर सकता है। सिरके का रूम फ्रेशनर बनाने के लिए सफेद सिरके और पानी की बराबर मात्रा खाली बोतल भरें और इसे अच्टे से हिलाने के बाद मिश्रण का छिड़काव अपने पूरे घर में करें।

**बेकिंग सोडा और दालचीनी का रूम फ्रेशनर**

यह रूम फ्रेशनर पर्यावरण के अनुकूल, स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित और किफायती भी है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक स्प्रे बोतल में पानी, बेकिंग सोडा और दालचीनी पाउडर डालें और अच्छी तरह मिलाएं।

# वित्त मंत्री का नजरिया

इसके पीछे सोच यह है कि सरकार जो कहानी बताती है, उसे जो भी उसी रूप में स्वीकार नहीं करता और उस पर बहस करना चाहता है, उसकी साख को संदिग्ध कर दिया जाए।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के बयान पर उचित ही देश में तीखी प्रतिक्रिया हुई है। आर्थिक मसलों पर संसद में सवाल पूछने पर उन्होंने विपक्ष की तुलना देश से बाहर बैठे दुश्मनों से की और कहा कि देश की आर्थिक तरक्की से उन्हें जलन होती है। यह सीधे तौर पर सवाल पूछने और कमियों की तरफ इशारा करने की जरूरी प्रवृत्ति को अपने समर्थक जमातों के बीच देश-द्रोही ठहरा देने का नजरिया है। इसके पीटे सोच यह है कि सरकार जो कहानी बताती है, उसे जो भी उसी रूप में स्वीकार नहीं करता और उस पर बहस करना चाहता है, उसकी साख को संदिग्ध कर दिया जाए। मुमकिन है कि इस आक्रामकता के पीटे असल कारण जवाब का अभाव हो। आखिर देश की अर्थव्यवस्था के कई ऐसे पहलू हैं, जिन पर अगर सरकार खुल कर चर्चा करने को तैयार हो, उसे खुद शतरक्की की बनाई गई अपनी कहानी में कई टेद नजर आएंगे। बहरहाल, अगर वह टेद देखने को तैयार हो, तो उससे समाधान का रास्ता भी नजर आ सकता है। लेकिन वर्तमान सरकार कोई समस्या नहीं देखना चाहती। जाहिर है, वह इन मुद्दों की चर्चा सिरे से ठुकरा देना चाहती है, ताकि भूले से भी उसकी समर्थक जमातों का ध्यान उनकी तरफ ना जाने लगे।

इस कोशिश में जनता से चुन कर आए विपक्षी प्रतिनिधियों की देशभक्ति पर भी अगर अंगुली उठानी हो, तो उसे इसमें कोई हिचक नहीं होती। लेकिन इस नजरिए के कारण देश अलग-अलग नैरेटिव्स में बंटता चला गया है। देश के दूरगामी भविष्य के नजरिए यह चिंताजनक बात है। राष्ट्र की मजबूती सहमति और साझा हित के अधिकतम पहलुओं की



**देशभक्त शक्तियों का कर्त्तव्य ऐसे पहलुओं को ढूंढना और उन्हें स्वीकार्य बनाना होता है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि वर्तमान सरकार आर्थिक मुद्दों पर विपक्षी विश्लेषण को नहीं सुनना चाहती। अगर सचमुच वह एक खास धार्मिक-सांसतिक पहचान आधारित राष्ट्र निर्माण में जुटी होती, तो उसे इन मुद्दों की अवश्य चिंता होती। इसलिए कोई राष्ट्रवाद संबंधित पहचान से जुड़े लोगों की खुशहाली सुनिश्चित नहीं करता, तो वह टिकाऊ नहीं हो सकता। वह महज कुछ समूहों और वर्गों की सत्ता और वर्चस्व को, जब तक संभव हो, टिकाए रहने का जरिया ही हो सकता है।**

तलाश से होती है। देशभक्त शक्तियों का कर्त्तव्य ऐसे पहलुओं को ढूंढना और उन्हें स्वीकार्य बनाना होता है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि वर्तमान सरकार आर्थिक मुद्दों पर विपक्षी विश्लेषण को नहीं सुनना चाहती। अगर सचमुच वह एक खास धार्मिक-सांसतिक पहचान आधारित राष्ट्र निर्माण में जुटी होती, तो उसे इन मुद्दों की अवश्य चिंता होती। इसलिए कोई राष्ट्रवाद संबंधित पहचान से जुड़े लोगों की खुशहाली सुनिश्चित नहीं करता, तो वह टिकाऊनहीं हो सकता। वह महज कुछ समूहों और वर्गों की सत्ता और वर्चस्व को, जब तक संभव हो, टिकाए रहने का जरिया ही हो सकता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने फैसलों से दिया जवाब!

कार्यपालिका और न्यायपालिका में एक तरह से शीतयुद्ध जैसा माहौल हो गया है। सरकार की तरफ से केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजीजू और सोशल मीडिया के सरकारी योद्धाओं ने कमान संभाली है तो दूसरी ओर से खुद सर्वोच्च अदालत ने और उसकी मदद में हैं सुप्रीम कोर्ट के तमाम ऐसे वरिष्ठ वकील, जो सांसद बन गए हैं। मिसाल के तौर पर कानून मंत्री ने गुरुवार को संसद में लंबित मुकदमों, अदालत की छुट्टियों, जनहित याचिका आदि का मुद्दा उठाया और कहा है कि बड़ी संख्या में मुकदमे न्यायिक नियुक्तियों की मौजूदा कलेजियम प्रणाली की वजह से हैं और जब तक यह व्यवस्था नहीं बदलेगी, तब तक इस सिस्टम पर सवाल उठते रहेंगे।



इसके तुरंत बाद कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी, मनीष तिवारी आदि ने संसद भवन के परिसर में कानून मंत्री और केंद्र सरकार दोनों पर निशाना साधा। पर असली बात खुद सुप्रीम कोर्ट की है। सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने तेवर दिखाए हैं और यह तेवर टिप्पणियों में नहीं, बल्कि फैसलों में दिखा है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले देकर सरकार को बताया है कि सरकार उसके काम में दखल न दे। यह भी मैसेज दिया है कि अगर सरकार दिशा निर्देश देने की कोशिश करेगी तो न्यायपालिका उसके उलट काम करने के लिए भी स्वतंत्र है।

जैसे केंद्रीय कानून मंत्री ने अदालतों में छुट्टियों का मामला उठाया और इसे लंबित मामलों से जोड़ा और उसके अगले ही दिन चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने ऐलान किया कि सुप्रीम कोर्ट में सर्दियों की टुट्टियां 17 दिसंबर से शुरू होंगी और दो जनवरी तक चलेंगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस बार सर्दियों की टुट्टी में कोई अवकाशकालीन बेंच नहीं होगी। यानी अगले दो हफ्ते सर्वोच्च अदालत पूरी तरह से बंद रहेगी और किसी मामले की सुनवाई नहीं करेगी।

इसी तरह केंद्रीय कानून मंत्री ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट को जमानत के मामले नहीं सुनने चाहिए। इसका भी जवाब चीफ जस्टिस ने दिया है। उन्होंने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के

**केंद्रीय कानून मंत्री ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट को जमानत के मामले नहीं सुनने चाहिए। इसका भी जवाब चीफ जस्टिस ने दिया है। उन्होंने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के एक ऐसे व्यक्ति को रिहा किया, जो बिजली चोरी के आरोप में तीन साल से जेल में बंद था। चीफ जस्टिस ने कहा कि कोई भी मामला छोटा या बड़ा नहीं होता है। उन्होंने यह भी कहा कि सर्वोच्च अदालत ऐसे ही लोगों की सिसकियां सुनने को बैठी है। गौरतलब है कि उस व्यक्ति को बिजली चोरी के नौ अलग अलग मामलों में 18 साल की सजा हुई थी।**

एक ऐसे व्यक्ति को रिहा किया, जो बिजली चोरी के आरोप में तीन साल से जेल में बंद था। चीफ जस्टिस ने कहा कि कोई भी मामला छोटा या बड़ा नहीं होता है। उन्होंने यह भी कहा कि सर्वोच्च अदालत ऐसे ही लोगों की सिसकियां सुनने को बैठी है। गौरतलब है कि उस व्यक्ति को बिजली चोरी के नौ अलग अलग मामलों में 18 साल की सजा हुई थी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के गोधरा कांड के दौरान पत्थरबाजी के आरोप में पकड़े गए और दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति को भी जमानत दी और गुजरात सरकार की आपत्तियों को दरकिनार करते हुए कहा कि वह व्यक्ति 17 साल से जेल में सजा काट रहा है और जमानत का हकदार है।

# नशा मुक्ति :समीक्षा तो जरूरी है

**रोहित कौशिक**

हाल में दिल्ली में नशे के आदी एक युवक ने झगड़े के बाद अपनी मां, दादी, बहन और पिता की चाकू घोंपकर हत्या कर दी।

युवक कुछ दिन पहले ही नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र से लौटा था। गुरु ग्राम की एक कंपनी में काम करता था लेकिन महीने भर पहले उसने नौकरी छोड़ दी थी। दरअसल, नशे के आदी युवकों की सबसे बड़ी समस्या उनका मानसिक संतुलन बिगड़ जाना है। नशा जहां मानसिक रूप से पंगु बना देता है वहीं पारिवारिक कलह का कारण भी बनता है।

ज्यों-ज्यों नशे की लत के शिकार युवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है, त्यों-त्यों नशा मुक्ति केंद्रों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। सवाल है कि कुकुरमुत्तों की तरह उग रहे नशा मुक्ति केंद्र क्या वास्तव में नशे की लत टुड़ाने के लिए ईमानदार प्रयास कर रहे हैं? दिल्ली में पूरे परिवार को मौत के घाट उतारने वाला युवक नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में कुछ समय बिता कर लौटा था। स्पष्ट है कि नशा मुक्ति केंद्र उसे मानसिक रूप से स्वस्थ और इतना मजबूत नहीं बना पाया कि ऐसी घिनौनी हरकत न करता। दरअसल, इस दौर में नशा मुक्ति केंद्र भी व्यावसायिकता के शिकंजे में हैं। ज्यादातर नशा मुक्ति केंद्रों के संचालकों एवं कर्मचारियों के भीतर समाजसेवा का भाव नदारद है। जब नशा मुक्ति केंद्र खोले जाते हैं, तो जताया जाता है कि ये केंद्र सामाजिक सरोकारों के लिए खोले जा रहे हैं, लेकिन धीरे-धीरे इन केंद्रों से सामाजिक सरोकार दूर होता चला जाता है। इसका स्थान व्यक्तिगत स्वार्थ ले लेता है। इसके कारण कई जगहों पर नशा मुक्ति केंद्र यातना केंद्र बन गए हैं। पिछले दिनों ऐसी अनेक घटनाएं प्रकाश में आई थीं जिनमें नशा मुक्ति केंद्रों के भीतर मरीजों से अनैतिक व्यवहार किया जा रहा था। कुछ समय पहले देहरादून के एक नशा मुक्ति केंद्र में एक ही कमरे में 35 लोगों को रखने की घटना प्रकाश में आई थी। देहरादून में एक अधिवक्ता ने आरटीआई के तहत सूचना मांगी तो खुलासा हुआ था कि कई केंद्रों का न तो पंजीकरण हुआ है, और न ही अन्य सुविधाएं जैसे प्रशिक्षित स्टाफ, सीसीटीवी कैमरे, दैनिक रजिस्टर और शिकायती रजिस्टर आदि हैं। देश के अनेक हिस्सों में ज्यादातर नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र कई तरह की अनियमितताओं के शिकार हैं।



गौरतलब है कि श्सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत चलने वाले श्नशा मुक्त भारत अभियान में अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। मंत्रालय के एक सर्वेक्षण के अनुसार देश में 60 मिलियन से अधिक नशीली दवाओं के उपयोगकर्ता हैं, जिनमें बड़ी संख्या में दस से सत्रह वर्ष की आयु के युवा हैं। देश में श्नशा मुक्त भारत अभियान कई स्वैच्छिक संगठनों की भागीदारी के साथ चल रहा है। इन संगठनों को सरकार की तरफ से वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है। इस अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। स्कूलों, उच्च शिक्षण संस्थानों और विविद्यालय परिसरों पर भी ध्यान केंद्रित करने का दावा किया जा रहा है। निश्चित रूप से सरकार के दावे अपनी जगह सही हैं, और वह इस दिशा में काम करती भी दिखाई दे रही है, लेकिन जमीन पर दावों की हकीकत कुछ और ही दिखाई देती है।

दरअसल, हमें समझना होगा कि नशा मुक्ति केंद्रों की व्यवस्था में थोड़ी सी भी लापरवाही इस संदर्भ में सरकारी नीतियों के ठीक ढंग से क्रियान्वयन में तो बाधा बनेगी ही, नशे की लत के शिकार युवाओं के भविष्य पर भी प्रश्न चिह्न लगाएगी। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि सरकार कोशिश करने के बाद भी नशा मुक्ति केंद्रों की स्थिति सुधार नहीं पा रही है। इन केंद्रों में व्यवस्था ठीक न होने कारण कई बार मरीजों एवं केंद्र संचालकों में टकराव की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है। देश के विभिन्न हिस्सों में कई नशा मुक्ति केंद्र तो अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। इन केंद्रों में न तो मनोचिकित्सक की व्यवस्था होती है, और न ही प्रशिक्षित कर्मचारी मनोवैज्ञानिक रूप से मरीजों का उपचार करने में सक्षम हो पाते हैं।

जब मरीज का मनोवैज्ञानिक रूप से उपचार नहीं होता है, तो वह भी जल्दी ही इन केंद्रों से अपना पीछा टुड़ाने की कोशिश करने लगता है। फलस्वरूप मरीज की स्थिति श्न घर के, न घाट के वाली हो जाती है। ऐसे केंद्र मनोवैज्ञानिक रूप से उपचार करने का दावा तो करते हैं, लेकिन इस प्रक्रिया को गंभीरता के साथ क्रियान्वित नहीं कर पाते हैं। हालांकि कई नशा मुक्ति केंद्रों के संचालक यह शिकायत भी करते रहते हैं कि उन पर इतने नियम-कानून लाद दिए जाते हैं कि व्यावहारिक रूप से उन्हें पूरा करना संभव नहीं हो पाता। इस व्यवस्था से जो केंद्र संचालक ईमानदारी से इस क्षेत्र में काम करना चाहते हैं, वे हतोत्साहित होते हैं। बहरहाल, समय आ गया है कि सरकार और केंद्र संचालक व्यावहारिकता और ईमानदारी से इस दिशा में काम करें ताकि सार्थक परिणाम सामने आ सकें।

# 2024 के पहले पीएम मोदी को किसानों ने घेरा

## बजट में बड़ी हिस्सेदारी के लिए दबाव की रणनीति



**नई दिल्ली, एजेंसी।** तीन विवादित कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए केंद्र सरकार को झुका चुके किसान एक बार फिर आंदोलन की राह पर हैं। सोमवार 19 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में जुटे 50 हजार से ज्यादा किसानों (ड्डपेंद ठंतरंदं त्ंससल) ने केंद्र सरकार को खुली चुनौती दी कि उनकी मांगें मानी जाएं अन्यथा एक बार फिर वे आंदोलन की राह पकड़ सकते हैं। किसानों की मांग है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत दी जा रही आर्थिक सहायता (वर्तमान में छह हजार रुपये वार्षिक) को 12 हजार रुपये तक बढ़ाया जाए और उनकी फसलों के लिए उचित भुगतान की दर तय की जाए। किसान गन्ना फसलों का समयबद्ध भुगतान, पराली जलाने पर दर्ज हो रहे केसों को वापस लेने और बिजली-जमीन मुआवजा नीति सही करने की मांग भी कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि यदि सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती है तो वे आंदोलन की राह पकड़ने के लिए बाध्य होंगे।

किसान संघ के सूत्रों के मुताबिक, किसान आगामी बजट सत्र को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति अपना रहे हैं। उनकी कोशिश है कि अगले लोकसभा चुनाव से पहले होने वाले इस अंतिम पूर्ण बजट में किसानों के लिए बेहतर आर्थिक नीतियों की घोषणा कराने में सफलता हासिल की जाए। इसमें पीएम किसान निधि के अंतर्गत आर्थिक सहायता बढ़ाना मुख्य रूप से शामिल है। इसके अलावा षि उत्पादों पर जीएसटी लागू करने पर रोक लगाना और ट्रैक्टर पर खरीद के 10 साल बाद इस्तेमाल पर लगने वाला प्रतिबंध समाप्त करना भी मुख्य मांगों में शामिल है।

चूंकि, वर्ष 2024 के अप्रैल-मई माह में लोकसभा के चुनाव होने हैं, उसके पहले फरवरी माह में पेश किया जाने वाला बजट संसद से अगले दो-तीन महीनों के लिए आवश्यक खर्च करने की अनुमति लेने तक ही सीमित रहेगा। लोकसभा चुनाव के बाद आने वाली नई सरकार अपने गठन के बाद आयोजित होने वाले संसद सत्र में पूर्ण बजट पेश करेगी। लिहाजा आगामी बजट सत्र सही मायने में वर्तमान सरकार का अंतिम पूर्ण बजट होगा। यही कारण है कि किसान मोदी सरकार से इस सत्र में अपनी अधिकतम मांगें मनवाने के मूड में हैं।

भारतीय किसान संघ के दिल्ली प्रांत के अध्यक्ष हरपाल सिंह डागर ने अमर उजाला से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के तमाम दावों के बाद भी सच्चाई यह है कि आज भी गन्ना किसानों को उनकी फसल का भुगतान मिलने में आठ से नौ महीनों का समय लग रहा है। कानूनन यह भुगतान 14 दिन के अंदर हो जाना चाहिए, देरी होने पर ब्याज सहित भुगतान किया जाना चाहिए। लेकिन किसानों को उनकी अपनी ही फसल का मूल्य नहीं मिल पाता, जबकि इसी बीच वे महाजनों से लिए कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए मजबूर होते हैं।

इसी प्रकार किसानों की भूमि लेने पर कितना मुआवजा दिया जाए, इस पर कोई सुविचारित नीति नहीं है। इस पर एक स्पष्ट नीति बननी चाहिए। दिल्ली, राजस्थान और पंजाब के किसानों को पराली जलाने पर केस दर्ज किया जाता है और उनसे जुर्माना वसूला जाता है। अब तक यह स्पष्ट हो चुका है कि कुल प्रदूषण में पराली की हिस्सेदारी केवल 6 फीसदी तक सीमित है, यह भी केवल 15-20 दिनों तक सीमित रहता है। इसके बाद भी किसानों को पराली के नाम पर तंग किया जाता है। जबकि बाकी के 94 फीसदी प्रदूषण करने वालों पर कोई केस दर्ज नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि यह भेदभाव बंद होना चाहिए और किसानों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। जीएम सरसों के बीजों को लेकर भी किसानों में नाराजगी है। किसान चाहते हैं कि उन्हें नई बीजों को अपनाने के लिए बाध्य न किया जाए। दिल्ली में जमीन का म्यूटेशन बंद है, इसे तुरंत शुरू किया जाए।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म के जुर्म में 20 साल की सजा

**लखनऊ ,(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिलें में स्थानीय अदालत ने 8 साल पहले 15 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में 30 साल के व्यक्ति को 20 साल की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश ने पक्सो एक्ट के तहत आरोपी पर 15 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया और अगर आरोपी जुर्माना नहीं देता है तो उसको छह माह की सजा आधिक काटनी होगी।

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि पुलिस और अभियोजन पक्ष के अधिकारियों द्वारा प्रभावी तरीके से मामले को आगे बढ़ाने के कारण अदालत ने सख्त सजा सुनाई।

सरकारी वकील संत प्रताप सिंह ने इस मामले में बताया कि 29 सितंबर, 2014 को बहराइच के हरदी थाना अंतर्गत एक गांव में अपने घर के पास शौच के लिए गई लड़की के साथ बलात्कार किया गया था। पुलिस ने शुरू में टेड़छाड़ का मामला दर्ज किया और फिर पक्सो अधिनियम की धाराओं को लागू किया। बाद में लड़की के बयान और मेडिकल जांच के आधार पर आरोप जोड़े गए। जेल की सजा सुनाए जाने के समय दोषी अदालत में मौजूद था। उसे जेल भेज दिया गया।

## तेलंगाना में कांग्रेस को बड़ा झटका, पीसीसी के 12 सदस्यों ने पद से दिया इस्तीफा

**हैदराबाद ,एजेंसी।** तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है। यहां हाल ही में गठित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के 12 सदस्यों ने पद से इस्तीफा दे दिया है। सदस्यों की ओर से दिए गए त्यागपत्र में पार्टी नेतृत्व पर स्थानीय नेताओं को दरकिनार करने का आरोप लगाया गया है। 12 सदस्यों में कांग्रेस विधायक दानसारी अनसूया और पूर्व विधायक वेम नरेंद्र रेड्डी भी शामिल हैं।

उत्तम कुमार की ओर से आरोप लगाया गया है कि पीसीसी के 50प्रतिशत से अधिक सदस्य ऐसे नेता हैं जो हाल ही में टीडीपी से जुड़े थे। इससे पार्टी के लिए बीते छह साल से काम कर रहे नेताओं को निराशा हाथ लगी है। पत्र में कहा गया है कि तेलंगाना में केसीआर तानाशाही शासन चला रहे हैं। केसीआर को सत्ता से बाहर करने के लिए कड़े संघर्ष की जरूरत है।

## हाड़ कंपाने वाली ठंड ने दी दस्तक, पंजाब-हरियाणा में छाया घना कोहरा-शीतलहर की चेतावनी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** देश के कई राज्यों में आज से सर्दी की रफ्तार तेज हो गई है। खासकर पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तरी राजस्थान, पश्चिमी यूपी और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान गिरकर पांच से नौ डिग्री तक पहुंच गया है। विभिन्न क्षेत्रों में तापमान में गिरावट के साथ कोहरे और शीतलहर ने भी कहर बरपाना शुरू कर दिया है।

मौसम विभाग के मुताबिक पंजाब, उत्तरी राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में आज शीतलहर चल सकती है।

इस घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी में भी कमी दर्ज की गई है। वहीं सड़कों पर वाहनों की गति भी धीमी हो गई।वहीं मौसम विभाग के मुताबिक आज अंडमान निकोबार द्वीप समूह के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। इसके अलावा केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और ओडिशा सहित महाराष्ट्र में भी गरज के साथ बारिश की चेतावनी जारी की गई है। देश के बाकी हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा। पूर्वोत्तर भारत के बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ मध्यम कोहरा रहने की भविष्यवाणी की गई है।

## ऋषि सुनक के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने रहने पर खतरा

**लंदन ,एजेंसी।** संसद में अवकाश होने के साथ ही ब्रिटेन में राजनीति भी टुट्टी पर है, जिसे इस देश में क्रिसमस की टुट्टी माना जाता है। लेकिन भारतीय मूल के प्रधानमंत्री ।षि सनक के पद पर बने रहने पर खतरे का अंदेशा है।

हाउस अफ लर्डस में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के सहकर्मी और पार्टी के सबसे बड़े वित्तीय दानदाताओं में से एक लर्ड पीटर क्रुडास ने स्पष्ट रूप से द अब्जर्वर से कहा रू कुछ गड़बड़ होने जा रहा है, क्योंकि सदन के सदस्य ।षि सुनक को नहीं चाहते। उनकी राह में ढेर सारी बाधाएं हैं।

सुनक (42) 25 अक्टूबर को सरकार के प्रमुख बने। उन्होंने कम से कम अपने तत्काल पूर्ववर्ती लिज ट्रस द्वारा निर्धारित संदिग्ध रिकर्ड से कम कार्यकाल की बदनामी से बचा लिया। लेकिन वह 1980 के दशक के बाद से यूके में यूनियनों द्वारा सबसे बड़ी हड़तालों के साथ-साथ अपनी पार्टी के भीतर की समस्याओं से घिरे हुए हैं।क्रुडास ने कंजर्वेटिव पार्टी को 35 मिलियन पाउंड से अधिक का दान दिया है और जुलाई में इस्तीफा देने के लिए मजबूर किए जाने के बाद बोरिस जनसन को प्रधानमंत्री के रूप में वापस लाने के लिए अक्टूबर में एक कदम का समर्थन किया। इसलिए सुनक को हटाने का प्लट रचा जा सकता है।

## सुरक्षा गार्डो से विवाद के बाद विश्वविद्यालय में फायरिंग, पथराव में कई छात्र घायल



**प्रयागराज, एजेंसी ।** इलाहाबाद विश्वविद्याल में छात्रों और सुरक्षा गार्डो के बीच विवाद के बाद कई राउंड फायरिंग की गई, जिसमें कई छात्र घायल हो गए। छात्रनेता विवेकानंद पाठक का सिर फट गया है। छात्रों का आरोप है कि सुरक्षा गार्डो ने कई राउंड फायरिंग की है।

छात्रों का आरोप है कि छात्र नेता विवेकानंद पाठक यूनिवर्सिटी परिसर स्थित बैंक में जाने के लिए पहुंचे थे तभी गार्डों ने गेट खोलने से मना कर दिया। इसी को लेकर उनके बीच नोकझोंक हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत करा दिया। आरोप है कि कुछ देर बाद यूनिवर्सिटी के 200 से अधिक गार्डों ने गेट बंद करके छात्रों को लाठियों से पीटना शुरू कर दिया। इसमें विवेकानंद पाठक अमित कुमार एलएलबी का छात्र समेत आधा दर्जन छात्र चोटिल हुए हैं। जिसके बाद आक्रोशित होकर छात्रों ने यूनिवर्सिटी परिसर में तोड़फोड़ शुरू कर दी।

इलाहाबाद विवि में बवाल के बाद डीएम संजय खत्री भारी फोर्स के साथ कैंपस में पहुंचे। छात्रों ने विवि की कैंटीन में आग लगा दी है और कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया है।

बड़ी संख्या में छात्र परिसर में उपद्रव कर रहे हैं जिन्हें पुलिस फोर्स काबू करने का प्रयास कर रही है। आक्रोशित छात्र वाहनों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। कई थानों की पुलिस परिसर में पहुंच गई है।

### भारत जोड़ो यात्रा में सीएम गहलोत का बड़ा एलान, घरेलू रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपये में देने का वादा

अलवर, एजेंसी।अलवर जिले के मालाखेड़ा में सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने घोषणा की कि हम एक कैटेगरी बना रहे हैं। इस कैटेगरी के लोगों को एक हजार 50 रुपये का घरेलू रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपये में देंगे। सिलेंडर अप्रैल से राज्य में मिलेगा। अगले महीने हम बजट पेश करेंगे, उसमें रसोई से महंगाई का बोझ कम करने के लिए किट बांटने की योजना लाएंगे। उन्होंने कहा, पहले इनकम टैक्स, ईडी से लोग डरते थे, अब ये खुद डरे हुए हैं। देश में लोकतंत्र की जड़ें कमजोर हो गई हैं। राहुल गांधी एक मकसद लेकर चले हैं। आजादी के बाद यह पहली भारत जोड़ो यात्रा है। पूरा देश महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त है। म्ल्ब्ळ को हम किसी भी हालत में बंद नहीं करेंगे। इसे राष्ट्रीय योजना का दर्ज दिलाने के लिए हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

## चीन के शीर्ष स्वास्थ्य अधिकारी बोले, देश में कोविड की 3 लहरें आने का अंदेशा

**बीजिंग ,एजेंसी।** चीन के एक शीर्ष स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा है कि उनका मानना है कि देश इस सर्दी में कोविड-19 की तीन संभावित लहरों में से पहली लहर का सामना कर रहा है। ताजा आधिकारिक आंकड़े हालांकि नए रोजाना मामलों की तुलना में कम संख्या दिखाते हैं। ऐसी चिंताएं हैं कि हाल ही में कोविड टेस्ट में कमी के कारण ये संख्या कम आंकी गई है। चीन में रविवार को 2,097 नए मामले दर्ज किए गए।

महामारी विज्ञानी वू जुन्यो ने कहा कि उनका मानना है कि संक्रमण दर में मौजूदा इजाफा जनवरी के मध्य तक चलेगा, जबकि दूसरी लहर के जनवरी के अंत तक तेज हो जाने की संभाना है।

आमतौर पर लाखों लोग परिवार के साथ छुट्टियां बिताने के लिए इस समय यात्रा करते हैं। जुन्यो ने आगे कहा कि कोरोना वायरस के केसों में तीसरा उछाल फरवरी के अंत से मार्च के मध्य तक चलेगा, क्योंकि लोग छुट्टी बिताने के बाद काम पर लौटेंगे। उनका कहा है कि टीकाकरण के कारण गंभीर मामलों की संख्या में कमी आई है। हालांकि, 80 और उससे अधिक आयु के आधे से भी कम लोगों को टीके की तीन खुराकें मिली हैं। बुजुर्ग लोगों में कोविड के गंभीर लक्षण होने की संभावना अधिक होती है।

## संसदीय कार्यवाही के लिए कांग्रेस का रवैया विनाशकारी और बाधक: पीयूष गोयल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि विपक्ष एक अवरोधक की तरह व्यवहार कर रहा है जो संसद के कामकाज में नियमों और विनियमों में विश्वास नहीं करता है। राष्ट्रीय राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, पीयूष गोयल ने कहा, आज राज्यसभा में, हमने विपक्षी दलों से हताशा और मर्यादा की पूर्ण अनुपस्थिति देखी। उनकी हताशा एक ऐसे स्तर पर पहुंच गई, जहां वे संसद के कामकाज में कोई नियम और कानून पर विश्वास भी नहीं करते।ष्गोयल ने कहा, वे अध्यक्ष के फैसलों और टिप्पणियों को भी नकार रहे हैं। दुर्भाग्य से, विपक्ष एक बाधावादी और विनाशकारी व्यवहार कर रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि राज्यसभा से विपक्ष का हालिया बयान सेना में उनके षविश्वास की कमीष को दर्शाता है। उन्होंने कहा, ष्यह सेना में उनके विश्वास की पूर्ण कमी को दर्शाता है जो सशस्त्र बल का मनोबल गिरा रहा है। यह देश के सर्वोत्तम हित में है कि विपक्ष सुरक्षा के संवेदनशील मामलों और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए संसद के सुचारू कामकाज की अनुमति दें।उन्होंने आगे विपक्ष, विशेष रूप से कांग्रेस से सीमा पर सेना और जवानों का सम्मान करने की अपेक्षा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री पहले ही राज्यसभा में एक विस्तृत बयान दे चुके हैं, जिसके बाद, हम विपक्ष, विशेष रूप से कांग्रेस से हमारी सेना, सीमा पर जवानों और राष्ट्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का सम्मान करने की उम्मीद करते हैं। 13 दिसंबर को लोकसभा में बोलते हुए, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने बहादुरी से चीनी पीएलए सैनिकों को भारतीय क्षेत्र में अतिक्रमण करने से रोका और उन्हें वापस जाने के लिए मजबूर किया। हालांकि, शनिवार को उन्होंने कहा कि चाहे गलवान हो या तवांग, भारत के रक्षा बलों ने हमेशा साहस दिखाया है और हर मौके पर अपने पराक्रम का प्रदर्शन किया है।गोयल की टिप्पणी कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप), राष्ट्रीय जनता दल (राजद), राष्ट्रीय लोकदल (रालोद), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के संयुक्त बयान के बाद आई है।तृणमूल कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम , समाजवादी पार्टी , राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी , शिवसेना और केरल कांग्रेस ने हाल ही में हुई झड़पों पर चर्चा कराने की मांग को लेकर राज्यसभा का बहिष्कार किया। विपक्ष ने इस मुद्दे को विपक्ष के नेता (एलओपी) ने मल्लिकार्जुन खरगे के समक्ष उठाने की मांग करते हुए कहा कि देश से बड़ा कुछ नहीं है और पड़ोसी देशों के बीच एलएसी पर 9 दिसंबर को हुए संघर्ष पर विस्तृत चर्चा की मांग की।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, ष्वे हमारी जमीन पर अतिक्रमण कर रहे हैं। अगर हम इस मुद्दे पर चर्चा नहीं करते हैं तो हमें और क्या चर्चा करनी चाहिए? हम सदन में इस मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हैं। खरगे ने कहा कि राज्यसभा के सभापति के पास भारत-चीन सीमा स्थिति के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए कई सांसदों द्वारा प्रस्तुत स्थगन नोटिस को स्वीकार करने के नियमों शक्तियां हैं।हालांकि, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने विपक्षी सांसदों से इसे परिवर्तित नहीं करने के लिए कहा और विपक्ष की मांग को खारिज कर दिया। धनखड़ ने कहा कि वह उन नोटिसों पर ध्यान नहीं दे सकते हैं जो नियमों का पालन करने में विफल रहते हैं, और सदन की कार्यवाही में व्यवधान के लिए राज्यसभा के सांसदों को फटकार लगाई।

## किडनी कांड में बड़ा खुलासा

# आधार से लेकर विवाह पंजीकरण सब फर्जी, फिर भी हो गया खेल, लपेटे में सरकारी विभाग भी




**फरीदाबाद , एजेंसी।** क्यूआरजी हस्टिपल में फर्जी कागजात के आधार पर हुए किडनी ट्रांसप्लांट की परतें अब खुलने लगी हैं। इस केस में आधार से लेकर विवाह पंजाकरण सब आसानी से फर्जी बनवा लिए गए और उसी के आधार पर यह ट्रांसप्लांट किया गया। ऐसे में सरकारी विभागों की लापरवाही भी उजागर हो रही है। हालांकि पुलिस के लिए पूरे रैकेट को समझना और आरोपियों को पकड़ना किसी चुनौती से कम नहीं है। केस दर्ज होने के बाद से किडनी लेने वाला आरोपी पत्नी सहित फरार है। पुलिस ने आरोपी के दिल्ली के पते पर जांच की लेकिन वह मकान खाली कर चुका है। आरोपी का नंबर भी बंद आ रहा है।

इधर पीड़िता ने सोमवार को पुलिस के सामने अपने दस्तावेज सौंपे। इसमें पीड़िता का आधार कार्ड, वोटर कार्ड व विवाह पंजीकरण शामिल हैं, वह सब फर्जी हैं। सभी सरकारी दस्तावेज को आसानी से बनवा लिया गया। पुलिस को क्यूआरजी अस्पताल की फाइल से पीड़िता का ऐफिडेविड मिला है। इसमें महिला ने कहा कि रिंकी और अंबिका दोनों उसी के नाम हैं। शादी से पहले उसका नाम रिंकी था, शादी के बाद उसने बदलकर अंबिका रख लिया। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि सरकारी कागजात के फर्जीवाड़े से और कितने कांड किए गए हैं। सभी को आपस में मिलाने वाले राजा की अभी तक कोई जानकारी पुलिस नहीं जुटा पाई है। पुलिस को शक है हो सकता है, सभी की फर्जी आईडी बनवाने वाले राजा का नाम भी फर्जी हो। पुलिस ने क्यूआरजी अस्पताल को नोटिस जारी कर अपरेशन की सभी जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है।

महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी बहुत शातिर किस्म के अपराधी हैं। वह जानते थे कि पति को किडनी देने के दौरान अर्गन ट्रांसप्लांट कमेटी महिला के माता-पिता और बच्चों से भी पूछताछ करती है। इसके लिए आरोपियों ने रिंकी से एक एफिडेविट बनवाया, जिसमें लिखा था कि उसके माता-पिता का काफी पहले ही देहांत हो चुका है। बच्चे के किसी कारण मौत हो गई। पुलिस ने सभी कड़ियों को जोड़ना शुरू कर दिया है। इसमें कई सरकारी विभाग भी लपेटे में आ सकते हैं। रिंकी के किडनी मामले के बाद से पूर्व में हुए अपरेशन भी संदेह के घेरे में आ गए हैं। सोमवार दोपहर महिला सेक्टर-17 अंतर्गत सेक्टर-16 पुलिस चौकी पहुंचकर अपने कागजात जमा कराए।

महिला के पति को सरकारी नौकरी का वादा किया गया था। किडनी निकालने के बाद आरोपियों ने महिला से किया वादा पूरा नहीं किया। आरोपियों ने महिला का इलाज भी सही से नहीं कराया। यदि वायदा पूरा हो जाता तो इतने बड़े फर्जीवाड़े से पर्दा नहीं उठ पाता। अंदेशा है फर्जी कागजात पर और भी ट्रांसप्लांट किए गए हों। डोनर से किया वादा पूरा होने के बाद शिकायत नहीं की जाती। आरोपियों ने बाकायदा सोशल साइट पर इसके विज्ञापन डाल रखे थे। ऐसे में केस की जांच के दौरान और भी खुलासे हो सकते हैं। मामले की जांच कर रहे एसआई उमेद का कहना है कि रविवार के कारण जांच शुरू नहीं हो पाई। पुलिस ने कई लोगों को जांच में शामिल करने के नोटिस तैयार कर रखे हैं। सोमवार से सभी को जांच में शामिल किया जाएगा।

बीके अस्पताल के अर्गेन ट्रांसप्लांट कमेटी के डिप्टी सीएमओ राजेश श्योकंद का कहना है कि उन्हें कमेटी सदस्यों के नाम याद नहीं हैं। एसीपी महेंद्र वर्मा ने बताया कि महिला के अनुसार आरोपियों ने दिल्ली के रमेश नगर निवासी तेजेंद्र और जयप्रकाश की मदद से नांगलोई इलाके में एसडीएम दफ्तर में उसकी शादी का पंजीकरण करवाया था। फर्जी सर्टिफिकेट में उसकी उम्र करीब 42 वर्ष बताई गई, जबकि मौजूदा समय में उसकी उम्र करीब 28 वर्ष है। पुलिस फर्जी कागजात तैयार करने वालों की तलाश कर रही है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से भी पूछताछ की जाएगी।

## इमरान खान का वादा, सत्ता में आने के बाद जनरल बाजवा के खिलाफ कार्रवाई नहीं करेंगे

**लाहौर ,एजेंसी।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि उनका पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा (सेवानिवृत्त) के साथ श्व्यक्तिगत विवाद है, लेकिन फिर से सत्ता में आने पर वह उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेंगे, मीडिया रिपोर्टो ने इमरान के बयान की जानकारी दी। इमरान खान ने कहा कि नए सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल असीम मुनीर ने खुद कहा है कि वह निष्पक्ष रहेंगे। हालांकि, उन्होंने कहा कि विधानसड्ढा ड्डांग होने के तीन महीने के ड्डीतर चुनाव कराना उनकी निष्पक्षता की सबसे बड़ी परीक्षा होगी।

उन्होंने कहा कि जब लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद को आईएसआई के डीजी पद से हटाया गया तो यह स्पष्ट हो गया कि पीटीआई सरकार को गिराने की साजिश रची जा रही है।

उन्होंने कहा, मैंने जनरल बाजवा से कहा कि अगर सरकार गिराने का मंसूबा कामयाब हो गया तो देश की अर्थव्यवस्था को कोई नहीं संड्डाल पाएगा।

पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने तत्कालीन सेना प्रमुख से पूछा कि शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए कैसे माना जा सकता है, क्योंकि उनका नाम 16 अरब रुपये के ड्डष्टाचार के मामलों में है।

## देश के 25 हवाई अड्डों को वर्ष 2022 से 2025 के बीच लीज पर देने की तैयारी

### राज्यसभा में सरकार ने दी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन के अनुसार, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के 25 हवाई अड्डों को 2022 से 2025 के वर्षों में पट्टे पर देने के लिए निर्धारित किया गया है। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री वीके सिंह ने सोमवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि एएआई हवाई अड्डों को निजी क्षेत्र की दक्षता और निवेश का उपयोग करते हुए उनके बेहतर प्रबंधन के लिए जनहित में पट्टे पर दिया जाता है। राज्य और यात्री एक निजी भागीदार द्वारा बनाए गए उन्नत हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के अंतिम लाभार्थी हैं। जो सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत पट्टे पर हवाई अड्डे का संचालन, प्रबंधन और विकास करता है।

मंत्री ने आगे कहा कि हवाई अड्डे आर्थिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में उभरे हैं और राज्य की अर्थव्यवस्था पर इसका अच्छा प्रभाव है। एएआई द्वारा पट्टे पर दिए गए हवाई अड्डों से प्राप्त राजस्व का उपयोग पूरे देश में हवाई अड्डों के बुनियादी ढांचे के विकास में भी किया जाता है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार , भुवनेश्वर, वाराणसी, अमृतसर, त्रिची, इंदौर, रायपुर, कालीकट, कोयम्बटूर, नागपुर, पटना, मदुरै, सूरत, रांची, जोधपुर, चेन्नई, विजयवाड़ा, वडोदरा, भोपाल, तिरुपति, हुबली हवाई अड्डे , इम्फाल, अगरतला, उदयपुर, देहरादून और राजमुंदरी को वर्ष 2022 से 2025 तक पट्टे पर देने के लिए निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, एएआई ने अपने आठ हवाई अड्डों को पीपीपी के तहत लंबी अवधि के पट्टे के आधार पर संचालन, प्रबंधन और विकास के लिए पट्टे पर दिया है।

रियायत पाने वालों के साथ हवाई अड्डों में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, दिल्ली, छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, मुंबई, चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, लखनऊ सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, अहमदाबाद, मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतर्राष्ट्रीय शामिल हैं।

# अनुशासन, जीत की भूख से बनते है चैंपियन : मैरी कॉम



इटावा ,मशहूर बाक्सर मैंगते चंग्नेइजैंग मैरी कॉम ने युवाओं को सलाह देते हुये कहा कि जीवन में अनुशासन और जीतने की भूख आपको किसी भी क्षेत्र में चैंपियन बना सकती है।दिल्ली पब्लिक स्कूल के दो दिवसीय सालाना स्पोर्ट्स डे समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने आईं मैरी कॉम ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, हमारे स्कूल में भी स्पोर्ट होता था लेकिन तब कोई सुविधाएं नहीं थी। कोच नहीं थे। आप सभी बच्चे सौभाग्यशाली है कि आपके पास सब कुछ है। अभिभावकों से यही कहना चाहूंगी कि अपने बच्चों को खेलने दो।

उन्होंने भावुक होते हुये कहा, मैं नहीं पढ़ सकी क्योंकि मैं एक गरीब किसान की बेटी थी। मेरे पास पढ़ाई के लिए पैसे नहीं थे और बस एक जोड़ी ही बॉक्सिंग ग्लव्स और ट्रैक सूट था लेकिन मैंने कभी हारी नही और जीवन में खेल को ही अपना भगवान बना लिया और आज जो भी हूं आपके सामने हूं। मैं दुआ करती हूं कि इस स्कूल के बच्चे भी आगे चलकर देश के लिए मेडल लेकर आएं।

चालीस वर्षीय बॉक्सर आज एक अलग ही अंदाज में नजर आईं। स्पोर्ट्स डे मंच पर ही वह जम कर डांस करने लगी। संबोधन के बाद मंच से उतरकर विद्यालय के कई बच्चों से हाथ मिला कर मुलाकात की और अभिभावकों का अभिवादन भी स्वीकार किया। साथ ही कई बच्चों को जैकेट और कॉपी पर ऑटोग्राफ भी दिया। स्कूली बच्चे अंतराष्ट्रीय बॉक्सर को खुद के बीच देखकर बेहद खुश हुए। मेरीकॉम ने प्ले ग्राउंड में जाकर बच्चों के साथ विजयी मुद्रा में फोटो खिंचवाई।डीपीएस के चैयरमैन डॉ विवेक यादव ने कहा कि मैरीकॉम आत्मविश्वास और ऊर्जा से भरी एक बेहतरीन मां का नाम है। यह उनका आत्मविश्वास और जुनून ही है कि दो बच्चों की मां होने के बाद भी वे छह बार विश्व चैंपियन रह चुकी हैं जो कि पूरी दुनियां के लिए संघर्ष और सफलता की एक प्रेरणा है।

# दीपिका, रणवीर, मोहनलाल, ममूटी ने लिया विश्व कप फुटबॉल का लुत्फ



नई दिल्ली , विश्व कप फुटबॉल में 106वें स्थान पर काबिज भारत का प्रतिनिधित्व कतर के लुसैल स्टेडियम में अर्जेंटीना–फ्रांस के बीच रोमांचक मुकाबले में दीपिका पादुकोण ने किया। उन्होंने शानदार सोने की ट्रॉफी का अनावरण किया। इस मौके पर दीपिका के पति रणवीर सिंह, टीम इंडिया के पूर्व मैनेजर रवि शास्त्री भी मौजूद थे।दीपिका के 'पठान' सह–कलाकार शाहरुख खान 'बेशरम रंग' नंबर से शुरू हुए विवाद से बेपरवाह फीफा विश्व कप ब्रॉडकास्टर, स्पोर्ट्स 18 के स्टूडियो में अंग्रेजी फुटबॉल दिग्गज वेन रूनी के साथ नृत्य करते दिखे।धमाकेदार एक्शन शुरू होने से पहले, क्रिकेट के दीवाने केरल के दो सुपरस्टार्स ने स्टेडियम में अपनी मौजूदगी का ट्वीट किया। ममूटी ने घोषणा की : खेल का सबसे बड़ा तमाशा देख रहे हैं! क्या माहौल है .. क्या पल है! !ऐसा लगता है कि उनके बेटे और पैन–इंडिया स्टार दुलकर सलमान एक्शन से चूक गए हैं, इसलिए उन्होंने मेसी और एम्बाप्पे की तस्वीर वाला एक पोस्टर लिया और उस पर लिखा : आज रात पागल हो जाएगी! फ्रांस के खिलाफ अर्जेंटीना। एम्बाप्पे के खिलाफ मेस्सी। सर्वश्रेष्ठ टीम को जीत की बधाई।मोहनलाल ने उस भावना को व्यक्त किया, जिसने 50,000 से अधिक अर्जेंटीना प्रशंसकों द्वारा कब्जा किए गए स्टेडियम में मौजूद सभी लोगों को अभिभूत कर दिया होगा।

# अंपायरों ने पिच से संबंधित सवालों को नजरंदाज किया : एल्गर



ब्रिस्बेन , दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर ने गाबा टेस्ट सिर्फ दो दिन में खत्म होने के बाद पिच की आलोचना करते हुए कहा कि जब उन्होंने यहां बल्लेबाजी करने के खतरे पर अंपायरों से सवाल किया तो उन्हें नजरंदाज किया गया।

ऑस्ट्रेलिया ने शुरू हुए टेस्ट में आज छह विकेट से विजय हासिल कर ली। साढ़े पांच सत्रों के इस मैच में सिर्फ 144. 2 ओवर फेंके गये, जबकि आउट होने वाले 34 में से 26 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा छूने में नाकाम रहे।

एल्गर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, आपको खुद से सवाल करना होगा कि क्या यह हमारे प्रारूप का अच्छा प्रचार है? दो दिनों में 34 विकेट गिरना मेरे अनुसार एकतरफा मामला है। हम एक मैच को चार या पांच दिन तक चलता हुआ देखना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, पिच पर पुरानी गेंद के साथ जैसा उछाल मिल रहा था, वह बल्लेबाजों को बेबस कर देता है। सिर्फ तीन बल्लेबाज ही रन बनाने में सफल रहे। मुझे नहीं लगता कि यह बहुत अच्छा टेस्ट विकेट था।

एल्गर ने अंपायरों के साथ हुई बातचीत के बारे में कहा, मैंने (दूसरी पारी में) अंपायरों से भी बात की। जब रबाडा ने (ट्राविस) हेड को बाउंसर पर आउट किया तब मैंने अंपायर से पूछा कि इस स्थिति को असुरक्षित कब माना जायेगा? उसके बाद आनरिक नॉर्खिया भी जो बाउंसर डाल रहे थे वे हमारे सिर के ऊपर से निकल रही थीं। मुझे पता था कि मैच खत्म हो चुका है, लेकिन इस समय पर अंपायरों को विवेक से काम लेना चाहिये था।एल्गर ने बताया कि उन्हें अंपायरों ने कोई जवाब नहीं मिला। एल्गर ने पिच को सुरक्षित या असुरक्षित कहने से भी गुरेज़ किया। उन्होंने कहा कि उनके बल्लेबाजों का मनोबल कम नहीं हुआ है और वह अगले टेस्ट से पहले अपनी गलतियों पर काम करेंगे।

# दो दिन में खत्म हुआ गाबा टेस्ट, ऑस्ट्रेलिया जीती

ब्रिस्बेन , कप्तान पैट कमिंस (सात विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के अविश्वसनीय प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से मात दी।



गेंदबाजों के लिये मददगार पिच पर दक्षिण अफ्रीका 99 रन पर ऑलआउट हो गयी और ऑस्ट्रेलिया के सामने 34 रन का लक्ष्य रखा। ऑस्ट्रेलिया ने यह लक्ष्य दूसरे दिन चार विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।

मैच के पहले दिन 15 विकेट गिरने के बाद दूसरे दिन भी कुल 19 विकेट गिरे। ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत में पहली पारी को 145 रन से आगे बढ़ाते हुए 73 रन और जोड़े। ट्राविस हेड ने कंगारुओं के लिये सर्वाधिक 92 रन बनाये।

हेड ने 96 गेंदों की अपनी पारी में 13 चौके और एक छक्का जड़ा। इसके अलावा कैमरून ग्रीन ने 18, एलेक्स कैरी ने 22 जबकि मिचेल स्टार्क ने 14 रन बनाये और ऑस्ट्रेलिया 218 रन पर ऑलआउट हो गयी।

पहली पारी में 66 रन से पिछड़ने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में हथियार डाल दिये और पूरी टीम सिर्फ 99 रन पर सिमट गयी। खाया ज़ोन्डो ने 85 गेंदों पर छह चौकों के साथ 36 रन की पारी खेली लेकिन उन्हें किसी का साथ नहीं मिला। कमिंस ने दूसरी पारी में पांच विकेट लिये। स्टार्क और बोलैंड को दो–दो विकेट मिले जबकि नेथन लायन को एक सफलता हासिल हुई।

ऑस्ट्रेलिया के लिये हालांकि 34 रन का लक्ष्य भी आसान नहीं रहा और उन्होंने इस तक पहुंचने से पहले चार विकेट गंवा दिये। उस्मान ख्वाजा (दो), डेविड वॉर्नर (तीन) और स्टीव स्मिथ (छह) दहाई का आंकड़ा छुए बिना पवेलियन लौट गये जबकि हेड ने शून्य रन बनाये। मार्नस लाबुशेन ने पांच रन बनाकर नाबाद रहे जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 19 अतिरिक्त रनों की बदौलत लक्ष्य हासिल कर लिया।

ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत से तीन मैचों की सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली है। श्रृंखला का दूसरा मैच 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जायेगा।

## जर्सी नंबर ही नहीं ऑल टाइम ग्रेट सचिन और लियोनेल मेसी में और भी बहुत कुछ है एक सामान

नई दिल्ली, लुसैल स्टेडियम में अपना आखिरी वर्ल्ड कप खेल रहे लियोनेल मेसी जब फ्रांस के खिलाफ मैदान में उतरे तो अर्जेंटीना के साथ–साथ पूरा भारत उनके लिए दुआएं कर रहा था। वजह खास थी और वो थी उनमें भारत के खेल प्रेमियों को जर्सी नंबर 10, सचिन की झलक नजर आ रही थी।2011 में अपना आखिरी वर्ल्ड कप खेल रहे सचिन कमोबेश, इसी स्थिति में तो थे, जब वह अपना आखिरी वर्ल्ड कप खेल रहे थे और पूरा भारत उनके वर्ल्ड कप जीतने के सपने को जी रहा था। 2011 में सचिन का वर्ल्ड कप जीतने का सपना पूरा हुआ था और अब 2022 में अपना आखिरी वर्ल्ड कप खेल रहे लियोनेल मेसी का सपना पूरा हुआ और वह वर्ल्ड चैंपियन बने। सचिन और लियोनेल मेसी दोनों ही 10 नंबर की जर्सी पहनते हैं और दोनों जब तक खेले अपनी टीम के लिए सिंगल हैंडली परफॉर्मेंस करते रहे।

# फीफा डब्लूसी 2022 : मेसी का सपना पूरा, अर्जेंटीना 36 साल बाद बना विश्व चैंपियन



## पेनल्टी शूटआउट में फ्रांस को हराया

लुसैल , सर्वकालिक महान फुटबॉलर लियोनेल आंद्रेस मेसी की बदौलत अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2022 के रोमांचक फाइनल में फ्रांस को 3–3 (शूटआउट 4–2) से हराकर 36 साल बाद विश्व विजेता का खिताब हासिल कर लिया।

लुसैल स्टेडियम पर आयोजित खिताबी मुकाबले में लियोनेल मेसी ने 23वें मिनट में गोल करके अर्जेंटीना का खाता खोला, जबकि एंजल डी मारिया ने 36वें मिनट में गोल करके बढ़त को दोगुना कर दिया। अर्जेंटीना एकतरफा जीत की ओर बढ़ रही थी लेकिन कीलियन एमबापे ने 80वें और 81वें मिनट में गोल जमाकर गत चैंपियन फ्रांस की मैच में वापसी करवाई। मेसी ने 109वें मिनट में गोल करके अर्जेंटीना को एक बार फिर बढ़त दिला दी, लेकिन एमबापे 118वें मिनट में गोल जमाकर मैच को पेनल्टी शूटआउट में ले गये।

एमबापे ने शूटआउट में गोल करके फ्रांस का खाता खोला, लेकिन उनके अलावा कोलो मुआनी ही फ्रांस के लिये गोल कर सके। दूसरी ओर मेसी, डाइबाला, पारेडेस और मोंटियेल ने शूटआउट में गोल करके चार दशक बाद अर्जेंटीना को विश्व विजेता बनाया।

अर्जेंटीना पिछले 20 साल में खिताब जीतने वाली पहली गैर–यूरोपीय टीम है। अपना आखिरी विश्व कप खेल रहे मेसी ने भी इस जीत के साथ विश्व विजेता का ताज अपने सिर सजाने का सपना पूरा कर लिया।

# फिल्मी गपशप

# रितेश देशमुख की वेड से सलमान खान ने साझा की अपनी पहली झलक

रितेश देशमुख की आने वाली मराठी फिल्म वेड चर्चा में है। पहली बार होगा जब रितेश किसी मराठी फिल्म में अपनी पत्नी जेनेलिया डिसूजा के ऑपोजिट नजर आएंगे। शनिवार को रितेश के जन्मदिन के मौके पर जेनेलिया ने फिल्म के सेट का एक वीडियो शेयर किया है। हालांकि, दर्शकों को उत्साहित करने वाली खबर ये है कि फिल्म में सलमान खान का कैमियो भी होगा। शनिवार को फिल्म से सलमान ने अपनी पहली झलक शेयर की है।वेड में सलमान एक डांस नंबर करते नजर आएंगे। शनिवार को इस गाने का टीजर शेयर करते हुए सलमान ने लिखा, भाई का बर्थडे है, गिफ्ट तो बनता है। टीजर में रितेश देशमुख और सलमान दोनों ही अपने टपोरी स्टाइल में नजर आ रहे हैं। सलमान का अंदाज देखकर दर्शकों को वॉन्टेड के राधे की याद आ गई। हालांकि, टीजर में वेड लावलय गाने की रिलीज डेट की जानकारी नहीं दी गई है। वेड 2019 की तेलुगु फिल्म मजिली का रीमेक है। यह 30 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।



फिल्म का निर्देशन भी रितेश खुद कर रहे हैं। फिल्म में रितेश और जेनेलिया डिसूजा की जोड़ी रोमांस करती दिखेगी। इस फिल्म में रितेश एक बेरोजगार युवा के किरदार में हैं, जिसकी पत्नी अकेले घर चलाती है। अब सलमान की एंट्री ने वेड को लेकर दर्शकों में इसके लिए उत्सुकता बढ़ा दी है। रितेश का जन्म 17 दिसंबर, 1978 को महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और दिवंगत नेता विलासराव देशमुख के घर हुआ था, लेकिन राजनीति में करियर बनाने की बजाए उन्होंने फिल्मों की दुनिया में कदम रखा। तुझे मेरी कसम, रितेश और जेनेलिया के साथ में पहली फिल्म थी। दोनों की डेटिंग ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। फिर उन्हें साल 2012 में आई फिल्म तेरे नाल लव हो गया और 2014 में आई लाई भारी फिल्म में साथ देखा गया।रितेश देशमुख के जन्मदिन पर जेनिलिया डिसूजा ने उनके लिए इंस्टाग्राम पर एक प्यार भरा नोट लिखा है। उन्होंने रितेश की एक वीडियो शेयर कर लिखा, मैं आपसे बेहद प्यार करती हूं। आपको प्यार न करना नामुमकिन है। अगर मेरे पास सांस लेने और आपको प्यार करने में से एक को चुनने का विकल्प हो तो मैं अंतिम सांस आपको यह बताते हुए लूंगी कि मैं आपसे प्यार करती हूं। मेरे होने के लिए शुक्रिया।

## बॉबी देओल ने कुणाल कोहली की श्लोक– द देसी शेरलॉक की शूटिंग की पूरी

अभिनेता बॉबी देओल के लिए यह साल काफी अच्छा रहा। अब उन्होंने अपने एक प्रोजेक्ट को निपटा लिया है। उन्होंने कुणाल कोहली की फिल्म श्लोक– द देसी शेरलॉक की शूटिंग की पूरी कर ली है।

अभिनेता ने सेट से तस्वीरें शेयर करते हुए इस संबंध में जानकारी दी है। इस फिल्म का निर्देशन कुणाल ही कर रहे हैं। यह एक स्पाई थ्रिलर फिल्म है, जिसमें बॉबी का अलग अंदाज देखने को मिलेगा। बॉबी ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, फिल्म श्लोक– द देसी शेरलॉक की शूटिंग पूरी हुई। टीम के साथ काम करने का अनुभव शानदार रहा। बेहतरीन लोगों के साथ मैंने काम किया। उन्होंने सितंबर में फिल्म की शूटिंग शुरू की थी। इस फिल्म से अनन्या बिड़ला बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाली हैं।

# 'फुरसत से तू नाच बेबी' के लिए डांस स्टेप्स सीखने में करनी पड़ी मेहनतः चाहत खन्ना



'बड़े अच्छे लगते हैं' की अभिनेत्री चाहत खन्ना का कहना है कि उन्हें अपनी फिल्म 'धूप छांव' के गाने 'फुरसत से तू नाच बेबी' के लिए डांस स्टेप्स सीखने में काफी मेहनत करनी पड़ी है। वह साझा करती हैं, जब मैं 'धूप छांव' की शूटिंग कर रही थी, तो यह मेरा पहला डांस नंबर था। मैं स्कूल के समय से ज्यादा डांस नहीं करती थी और इसलिए यह मेरे लिए एक मुश्किल काम था। मेरे दोस्त मुझे चिढ़ाते थे और मुझे लगता था जैसे मुझे आगे बढने की जरूरत थी, इसलिए लगभग एक साल तक मैंने डांस सीखा।

वह आगे कहती हैं, और उस अवधि के अंत में, लगभग एक चमत्कार या इनाम की तरह, मुझे 'फुर्सत से तू नाच बेबी' का प्रस्ताव मिला। चाहत को 'कुमकुम', 'काज्जल', 'कुबूल है' और कई अन्य फिल्मों के लिए जानी जाती है। वह कहती हैं कि उन्होंने अपने नृत्य कौशल को पूरा करने में घंटों बिताए और बीमार भी पड़ गईं।

हमने इसके लिए कठिन प्रशिक्षण और शूटिंग के घंटे बिताए हैं। वास्तव में 3 दिनों के लिए, हमने हर दिन 12 घंटे बिना रुके प्रशिक्षण लिया और मैं अंत में बीमार पड़ गयी। इसलिए हमें शूटिंग स्थगित करनी पड़ी और जब हम इसमें वापस आए, तो हम इसे सीधे 8 घंटे में शूट किया। लेकिन कुल मिलाकर यह एक खूबसूरत अनुभव था और मेरे दिल में हमेशा एक खास जगह रहेगी।

# कुमार सानू की बेटी शैनन अभिनय की दुनिया में रखेंगी कदम, चल जिंदगी से होगा डेब्यू




हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज गायक कुमार सानू ने अपनी गायिकी के दम पर खूब नाम कमाया है। वहीं अब उनकी बेटी शैनन के लोगों के दिलों पर राज करने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक शैनन जल्द ही बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं। बता दें कि शैनन एक मशहूर गायिका हैं और उन्होंने अपनी गायिकी की शुरुआत इंग्लिश गानों से की थी। अब वह हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी किस्मत आजमाने जा रही हैं।

शैनन ने बताया कि वह जल्द ही फिल्म चल जिंदगी में अभिनय करती नजर आएंगी। अपनी फिल्म के बारे में बात करते हुए शैनन बताती हैं, चल जिंदगी, एक ट्रैवल बेस्ड फिल्म है। इस फिल्म में हम बाइक से लद्दाख के सफर पर निकल जाते हैं। शैनन आगे कहती हैं, इस फिल्म का उद्देश्य केवल यह समझाना है कि अपने जीवन से प्यार करो, जिंदगी खुद आपसे प्यार करने लगेगी । बता दें कि शैनन ने लंदन के रॉयल एकेडमी ऑफ म्यूजिक से संगीत का अध्ययन किया था। वहीं ली स्ट्रैसबर्ग थिएटर एंड फिल्म इंस्टीट्यूट से अभिनय की कला सीखी। शैनन ने साल 2018 में पू बियर के साथ ए लॉन्ग टाइम नामक एल्बम रिलीज किया। इतना ही नहीं, उन्होंने फिल्म हॉलीवुड फिल्म द बिग फीड से बतौर अभिनेता और फिल्म हैप्पी, हार्डी एंड हीर से बतौर पार्श्व गायिका अपने करियर की शुरुआत की। बता दें कि शैनन बॉलीवुड के दिग्गज गायक शान के साथ भी काम कर चुकी हैं।

# हड्डी से मेकर्स ने शेयर की नवाजुद्दीन को होश उड़ा देने वाली वीडियो शेयर

बॉलीवुड में पीछे कई वर्षों से हम सभी ने नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी को बहुमुखी भूमिकाओं में देखा जा चुका है, लेकिन अभिनेता अभी भी अपनी पसंद से हमें हर बार आश्चर्यचकित करने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। अपनी आगामी मूवी हड्डी में हमेशा चुनौती के लिए तैयार रहने वाले अभिनेता एक ट्रांसजेंडर की भूमिका निभाते हुए दिखाई देने वाले है। जैसे ही निर्माताओं ने फिल्म से नवाज़ुद्दीन के लुक को जारी किया, तस्वीरों ने नेटिज़न्स को आश्चर्यचकित कर दिया और देखते ही देखते डिजिटल दुनिया को हिलाकर रख डाला है।

ज़ी स्टूडियोज की हड्डी तब से चर्चा का विषय रही है, जब निर्माताओं ने ट्रांसजेंडर महिला के रूप में अभिनेता के लुक से पर्दा उठाया जा चुका है। बिलकुल अलग तरह के परिवर्तन को देखते हुए, यह स्वाभाविक था कि




नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी के लुक को लेकर लोगों की भौहें उठानी थीं और इस तरह से अभिनेता की पूरी प्रक्रिया न सिर्फ अपने हिस्से को देखना पड़ा, बल्कि उसे पूरी तरह से अपनाने की भी थी। ऐसे में सोशल मीडिया पर निर्माताओं ने नवाज़ुद्दीन के किरदार को अपनाने के प्रोस्थेटिक्स प्रोसेस के एक टाइमलैप्स वीडियो को जारी किया है।

वीडियो में, हम नवाज़ुद्दीन को उनके किरदार में बदलते हुए देख सकते हैं और यह कहना सही होने वाला है कि यह एक लंबी और थका देने वाली प्रक्रिया है। अभिनेता के पास एक से अधिक हेयर स्टाइलिस्ट थे, जिन्होंने पूरी शूटिंग के बीच साथ मिलकर अलग–अलग लुक बनाने के लिए सिंक में काम किया, ताकि हर एक चीज सही जगह पर रखा जा रहा है। इस प्रोसेस में हर दिन तकरीबन 3 घंटे लगते थे, लेकिन नवाज़ुद्दीन के लुक को पूरी तरह से बदलने के उपरांत समय के जाने का कोई मलाल महसूस नहीं होता था।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com